RNI UPHIND 2015/64737

# दैनिक शुभ भास्कर

हर कदम आपके साथ...

बिहार , झारखंड ,बंगाल ,हरियाणा, उत्तर प्रदेश से एक साथ प्रसारित

वर्ष :10 अंक : 122 | झारखंड/ बिहार, रविवार /12 अप्रैल 2026 | पृष्ठः 06 . मूल्यः 04 रुपये

## न्यूज बीफ़्र

### लाश के साथ 4 महीने रहा पिता

मेरठ। मेरठ में एक पिता बेटी की लाश के साथ 4 महीने तक घर में रहा। लाश बुरी तरह से सड़ चुकी थी। बेटी टीचर थी, उसके साथ रहने की जिद में पिता उससे अलग नहीं होना चाहता था। वह लाश की बदबू छिपाने के उस पर परफ्यूम स्प्रे करता रहा। लड़की की पूरी बॉडी कंकाल बन चुकी थी, सिर्फ पैर ही बचा था। घटना का पता उस समय चला जब घर पर रिश्तेदार पहुंचे। बदबू आने पर कॉल करके पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घर के एक कमरे से लाश बरामद की। बॉडी की हालत इतनी बदतर हो चुकी थी कि रिश्तेदार से लेकर पुलिस वाले और पड़ोसी उसे देख नहीं पा रहे थे। मामला सदर बाजार के तेली मोहल्ले का है। मूलरूप से बंगाल के रहने वाले उदय भानु बिस्वास (76) काशी में शिक्षा विभाग में कार्यरत थे। बोर्ड ऑफिस में प्रशासनिक अधिकारी के पद पर तैनात थे। 2010 में रिटायर हुए थे। सदर के तेली मोहल्ले में खुद का छोटा-सा मकान है। अपनी बेटी प्रियंका बिस्वास (35) के साथ रहते हैं। पत्नी शर्मिष्ठा (59) की 13 साल पहले मौत हो चुकी है।

### लखनऊ में विमान की इमरजेंसी लैंडिंग

लखनऊ। लखनऊ एयरपोर्ट पर शनिवार सुबह दुबई से काठमांडू जा रहे विमान की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। काठमांडू में मौसम खराब होने पर वहां लैंडिंग की परमिशन नहीं मिली। उसके बाद पायलट ने लखनऊ एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) को कॉल किया और लैंडिंग की अनुमति मांगी।अनुमति मिलने के बाद विमान को सुबह 8:22 बजे अमौसी एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतारा गया। फ्लाई दुबई की फ्लाइट (एफजेड-1133) में 154 यात्री सवार थे। तकनीकी टीम ने विमान की जांच की। अब उसमें ईंधन भरा गया। करीब डेढ़ घंटे बाद सुबह 10 विमान को काठमांडू के लिए रवाना कर दिया गया। फ्लाई दुबई के टिकट अन्य कंपनियों की अपेक्षा किफायती माने जाते हैं। 2008 में दुबई सरकार के सहयोग से यह कंपनी शुरू की गई थी। इसका मुख्यालय दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर है। फ्लाई दुबई मध्य पूर्व, एशिया, यूरोप, अफ्रीका के कई शहरों के लिए विमान सेवा चला रही है। भारत के कई शहरों से भी इसकी सीधी उड़ानें उपलब्ध हैं।

### मंत्री छगन भुजबल का हेलीकॉप्टर बाल-बाल बचा

मुंबई। एनसीपी के वरिष्ठ नेता और मंत्री छगन भुजबल का हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त होने से बच गया। वे पुणे में एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मुंबई से पुणे जा रहे थे। हालांकि, तय हेलिपैड पर उतरने के बजाय, हेलीकॉप्टर एक कार पार्किंग क्षेत्र में उतर गया। पायलट की इस बड़ी गलती से एक बड़ी दुर्घटना टल गई। इस घटना में छगन भुजबल या कोई दूसरा शख्स घायल नहीं हुआ। मंत्री भुजबल इस दुर्घटना में बाल-बाल बच गए। छगन भुजबल का हेलीकॉप्टर मुंबई से पुणे जा रहा था। पुणे में तय लैंडिंग स्पॉट (हेलीपैड) पर उतरने के बजाय पास की एक कार पार्किंग में उतर गया। इस बात का डर था कि हेलीकॉप्टर के रोटर घूमते समय पार्किंग में खड़ी कारों से टकरा सकते हैं। पायलट की इस गंभीर गलती के बावजूद, हेलीकॉप्टर सुरक्षित रूप से उतर गया, लेकिन यह पूरी घटना खतरनाक साबित हुई। मंत्री भुजबल ने अभी तक इस घटना पर कोई टिप्पणी नहीं की है। हालांकि, यह समझा जा रहा है कि सुरक्षा एजेंसियों ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### एर्नाकुलम से बेंगलुरु जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन पर पत्थरबाजी

पलक्कड। पलक्कड़ के एर्नाकुलम से बेंगलुरु जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा पत्थर फेंकने की घटना सामने आई है। घटना में ट्रेन को मामूली नुकसान पहुंचा है, हालांकि किसी यात्री के घायल होने की सूचना नहीं है। रेलवे पुलिस (जीआरपी) के अधिकारी के अनुसार यह शाम करीब 4:30 बजे पलक्कड़ जिले के पराली इलाके के पास हुई। तब ट्रेन अपनी नियमित गति से बेंगलुरु की ओर बढ़ रही थी। अचानक किसी ने ट्रेन पर पत्थर फेंक दिया। जिससे कोच में लगी एक खिड़की का शीशा क्षतिग्रस्त हुआ। रेलवे पुलिस के अधिकारी ने बताया कि घटना के तुरंत बाद स्थिति पर काबू पाया गया। रेलवे कर्मचारियों ने भी तत्परता दिखाकर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने इस बारे में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने कुछ स्थानीय लोगों से भी जानकारी जुटाई है, ताकि घटना के पीछे के कारणों का पता लगाया जा सके। पुलिस ने दावा किया है कि यह कृत्य किसी मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति या नशे की हालत में किसी व्यक्ति द्वारा किया गया हो सकता है। हालांकि, अधिकारियों ने कहा है कि सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है।

### कूनो में भारत में जन्मी चीता गामिनी ने रचा इतिहास, जंगल में 4 स्वस्थ शावकों को जन्म दिया

भारत की चीता पुनर्वास परियोजना ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले के कुनो राष्ट्रीय उद्यान में भारतीय मूल की एक मादा चीते ने जंगल में चार शावकों को जन्म दिया है। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में इस घटना को ऐतिहासिक क्षणष् बताया और कहा कि 25 महीने की इस चीते ने जंगल में एक साल से अधिक समय बिताने के बाद शावकों को जन्म दिया है। केंद्रीय मंत्री ने ग् पर एक पोस्ट में कहा कि कुनो में ऐतिहासिक क्षण! कुनो राष्ट्रीय उद्यान में एक ऐतिहासिक घटना घटी है, जहां 25 महीने की भारतीय मूल की गामिनी चीता ने जंगल में चार शावकों को जन्म दिया है। यह भारत के चीता संरक्षण अभियान में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

---

**मिडिल ईस्ट जंगः ईरान-अमेरिका के बीच इस्लामाबाद में सीजफायर वार्ता के बची इजराइल और हिजबुल्लाह के एक दूसरे पर हमले रहे जारी...**

# ईरान की दो टूक... इजराइल हमले रोके तभी वार्ता!

इस्लामाबाद/तेल अवीवी/वाशिंगटन। ■ एजेंसी

पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में अमेरिका, ईरान और पाकिस्तान के बीच जब अहम त्रिपक्षीय बातचीत चल रही थी, उस दौरान इजराइल और हिजबुल्लाह के एक दूसरे पर हमले कर रहे थे। इससे सीजफायर के बाद मिडिल ईस्ट में शांति कायम रखने की कोशिशों पर इसका असर पड़ सकता है। दरअसल, अमेरिका और ईरान दोनों चाहते हैं कि मिडिल ईस्ट में युद्ध रूके। इसके लिए दोनों चाहते है कि किसी भी तरह इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को मनाया जाए की वे लेबनान पर हमला न करें। उधर, नेतन्याहू जानते हैं कि अगर युद्ध रूका तो इजराइल में उनके खिलाफ बगावत शुरू हो जाएगी। इसलिए हिजबुल्लाह की आड़ में वे युद्ध जारी रखना चाहते हैं। उधर, ईरान ने साफ कर दिया है कि इजराइल हमले रोके तभी वार्ता संभव है।

सूत्रों के मुताबिक, इस वार्ता में युद्ध को पूरी तरह खत्म करने, होर्मुज स्ट्रेट को लेकर सहमति बनाने और आगे के सुरक्षा ढांचे पर चर्चा की जा रही है। राउंड टेबल मीटिंग में अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, जेयर्ड कुशनर; ईरान के बाकर गालिबाफ, विदेश मंत्री अब्बास अराघची और पाकिस्तान की तरफ से आसिम मुनीर शामिल रहे। उधर, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने तेल आपूर्ति पर जोर

### अमेरिका और इजराइल चाह रहे इजराइली प्रधानमंत्री लेबनान पर कर दें हमला बंद

### अगर खाड़ी में युद्ध रूका तो नेतन्याहू के खिलाफ इजराइल में शुरू हो जाएगी बगावत





देते हुए कहा कि दुनिया के बड़े समुद्रों में जहाजों को देखिए, उनमें से कई अमेरिका की ओर तेल लोड करने के लिए आ रहे हैं, हमारे पास इसकी कोई कमी नहीं है। होर्मुज स्ट्रेट को लेकर उन्होंने भरोसा जताया और कहा कि होर्मुज स्ट्रेट बहुत दूर नहीं, जल्द ही खुल जाएगा। हालांकि, ईरान पर निशाना साधते हुए ट्रंप ने उसे एक विफल देश बताया। जब उनसे पूछा गया कि क्या ईरान ईमानदारी से बातचीत कर रहा है, तो उन्होंने कहा कि मैं आपको बहुत जल्द बता दूंगा, इसमें ज्यादा समय नहीं लगेगा।

### बातचीत फेल हुई तो अमेरिका भी जिम्मेदार

ईरान ने साफ कहा है कि अगर इस्लामाबाद में चल रही बातचीत किसी नतीजे पर नहीं पहुंचती है, तो सिर्फ इजराइल को दोष नहीं दिया जा सकता। ईरान का कहना है कि कुछ लोग यह दिखाने की कोशिश कर रहे हैं कि इजराइल अलग से इस प्रोसेस में बाधा डाल रहा है, जबकि उनके मुताबिक इजराइल और अमेरिका के फैसले आपस में जुड़े हुए हैं। इसलिए अगर बातचीत फेल होती है तो उसकी जिम्मेदारी अमेरिका पर भी होगी। गौरतलब है कि 47 साल पहले यानी 1979 में ईरान की इस्लामिक क्रांति के बाद पहली बार है जब दोनों देश इतने बड़े स्तर पर आमने-सामने बातचीत कर रहे हैं। इससे पहले ईरान ने कहा था कि अगर इस्लामाबाद में चल रही बातचीत किसी नतीजे पर नहीं पहुंचती, तो सिर्फ इजराइल को दोष नहीं दिया जा सकता। इजराइल और अमेरिका के फैसले जुड़े हैं, इसलिए वार्ता फेल होने पर जिम्मेदारी अमेरिका पर भी होगी।

यूरोप में जेट फ्यूल की कमी का खतरा

मिडिल ईस्ट में जारी तनाव का असर अब यूरोप तक पहुंचता दिख रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अगर अगले तीन हफ्तों में होर्मुज स्ट्रेट का रास्ता ठीक से नहीं खुला, तो यूरोप में जेट फ्यूल की भारी कमी हो सकती है। इसका सीधा असर फ्लाइट्स पर पड़ेगा। उड़ानें कम हो सकती हैं, टिकट महंगे हो सकते हैं और इससे यूरोप की अर्थव्यवस्था को भी नुकसान हो सकता है, खासकर उस समय जब गर्मियों का सीजन शुरू होने वाला है।

### इजराइल और हिजबुल्लाह के एक दूसरे पर हमले जारी

लेबनान में अभी भी हालात लगातार तनावपूर्ण बने हुए हैं। हिजबुल्लाह ने दावा किया है कि उसने इजराइली ठिकानों और सैनिकों को निशाना बनाते हुए रॉकेट, ड्रोन और मिसाइल से कई हमले किए हैं। इन हमलों में इजराइल के सैन्य ठिकानों, टैंकों और सैनिकों को निशाना बनाया गया है। जवाब में इजराइल भी लगातार हमले कर रहा है।

### दोनों देशों के बीच भरोसे की कमी

इस्लामाबाद में अमेरिका और ईरान की बातचीत अभी साफ दिशा में जाती नहीं दिख रही है। दोनों पक्ष अलग-अलग उम्मीदों के साथ आए हैं और बीच का रास्ता निकालने की कोशिश कर रहे हैं। सबसे बड़ी दिक्कत दोनों के बीच भरोसे की कमी है। हालात तब और पेचीदा हो गए जब अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि अगर बातचीत सफल नहीं हुई तो मामला सैन्य कार्रवाई तक जा सकता है। इस बातचीत में ईरान ने दो बड़ी शर्तें सामने रखी हैं। पहली, लेबनान में जारी लड़ाई को रोका जाए। दूसरी शर्त है ईरान के जमे हुए अरबों डॉलर के फंड को रिलीज करना, जो 1979 से अलग-अलग देशों में फंसा हुआ है। हालांकि अमेरिका क्लियर कर चुका है कि वो ईरान के फंड को रीलीज नहीं करेगा।

### अमेरिका पर बिल्कुल भरोसा नहीं

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने जर्मनी के समकक्ष योहान वाडेफुल से फोन पर कहा कि ईरान को अमेरिका पर बिल्कुल भरोसा नहीं है। मेहर न्यूज एजेंसी के मुताबिक उन्होंने कहा कि ईरानी डेलिगेशन को होने वाली बातचीत पर भी यकीन नहीं है। अराघची ने कहा कि अमेरिका ने बार-बार अपने वादे तोड़े हैं और कूटनीति के साथ विश्वासघात किया है। यही वजह है कि ईरान उस पर भरोसा नहीं करता।

---

## शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने यूपी के सीएम पर बोला हमला, कहा

# योगी आदित्यनाथ बन रहे हैं मांस विक्रेता

कोटा। ■ एजेंसी

राजस्थान में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि उत्तरप्रदेश (यूपी) में कदम रखने पर हमें जान से मारने की धमकी मिल रही है। हम गोमाता की रक्षा की बात करेंगे, तो मार देंगे। यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ को लेकर बोले कि वे गेरुआ (भगवा या केसरिया) कपड़ा पहने मांस विक्रेता बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज शास्त्रों की जगह सर्कुलर के अनुसार हिंदुत्व का पालन हो रहा है। सरकारें आज खुद धर्माचार्य होना चाहती हैं। जबकि हिंदू धर्म में राजा और धर्माचार्य अलग-अलग होता था। ये हिंदू धर्म की परंपरा को नष्ट करना चाहते हैं, जिसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। शंकराचार्य ने कहा कि सनातन धर्म की जो शिक्षाएं हैं, वह वेदों से, वेदानुसारी पुराणों-स्मृतियों और अन्य साहित्य से प्राप्त होती है। आज का जो तथाकथित हिंदुत्व है, वह शास्त्रों के अनुसार अपने हिंदू धर्म का पालन नहीं कर रहा है। वह सर्कलर के अनुसार पालन कर रहा है। सर्कुलर के अनुसार अगर हिंदू चलेंगे तो इनका रखवाला कोई नहीं होगा। शास्त्रों के अनुसार जो हिंदू चलेगा, वही असली हिंदू माना जाएगा। धर्म का मामला, धर्माचार्य के हाथ में



होना चाहिए। धर्माचार्यो का काम भी नेता करेगा तो धर्माचार्य क्या व्यर्थ है? धर्माचार्य तो धर्म को पढ़ता है। उसके बाद उसे जी कर देखता है कि धर्म की बातें जो लिखी हैं। वह जीवन के लिए सही है या नहीं। फिर उसे अगली पीढ़ी को बताता है। राजनेता को कब धर्म पढने का मौका मिलेगा और कब उसे जी कर उसका टेस्ट करने का मौका मिलेगा। नेता के पास तो घर के लिए समय नहीं है।

### जो शास्त्रों में वह हमारे व्यवहार में होना चाहिए

शंकराचार्य ने कहा कि धर्म युद्ध बोर्ड की बात की शुरुआत तो हो चुकी है। अब ये भविष्य पर निर्भर करता है कि इसमें शामिल लोग कितना गहरा प्रयास करते हैं। उसके अनुसार ही परिणाम आएंगे।

---

**दिल्ली सरकार ने जारी किया नई ईवी पॉलिसी का ड्राफ्ट**

## 2027 से केवल ई-ऑटो और 2028 से सिर्फ इलेक्ट्रिक बाइक चलेंगी

नई दिल्ली। ■ एजेंसी

दिल्ली सरकार ने बढ़ते प्रदूषण पर लगाम लगाने और इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए ईवी नीति 2026 का ड्राफ्ट जारी कर दिया है। परिवहन विभाग की ओर से जारी इस ड्राफ्ट को आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड किया गया है ताकि आम जनता, विशेषज्ञों और संबंधित हितधारकों से सुझाव लिए जा सकें। लोग अगले 30 दिनों के भीतर ईमेल या पोस्ट के जरिए अपने सुझाव भेज सकते हैं, जिसके बाद अंतिम नीति तैयार की जाएगी। सरकार का उद्देश्य नई नीति को अधिक प्रभावी और व्यावहारिक बनाना है, जिसके लिए लोगों की भागीदारी को अहम माना गया है। दिल्ली के आम लोग और ऑटोमोबाइल क्षेत्र के विशेषज्ञ इस पर अपने सुझाव और आपत्तियां दे सकते हैं। परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि इस ड्राफ्ट पर अभिमत और सुझाव नोटिस



जारी होने की तिथि से 30 दिनों के भीतर, यानी 10 मई 2026 तक भेजे जा सकते हैं। यह पॉलिसी भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 से प्रेरित है, जो स्वच्छ हवा और प्रदूषण मुक्त वातावरण को जीवन के अधिकार का हिस्सा मानती है। इस नीति के मुख्य उद्देश्य सभी वाहन वर्गों में ईवी अपनाने को बढ़ावा देना, चार्जिंग नेटवर्क का विस्तार करना, बैटरी रीसाइक्लिंग सिस्टम विकसित करना और पेट्रोल-डीजल वाहनों पर निर्भरता कम करना हैं। दिल्ली सरकार की प्रस्तावित इलेक्ट्रिक वाहन नीति 2026 में पुराने वाहनों को हटाने और स्वच्छ परिवहन को बढ़ावा देने के लिए स्क्रैपिंग प्रोत्साहन का बड़ा प्रावधान किया गया है।

---

## इकॉनोमी में कानून की भूमिका अहम

नई दिल्ली।

सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि भारत को 10 ट्रिलियन डॉलर की इकॉनॉमी बनाने के लिए सिर्फ पूंजी और पॉलिसी काफी नहीं होंगी। इसके लिए मजबूत और भरोसेमंद कानूनी व्यवस्था भी उतनी ही जरूरी होगी। निवेशकों का भरोसा इसी पर टिका होता है। जस्टिस सूर्यकांत शनिवार को बार एसोसिएशन ऑफ इंडिया के रूल ऑफ लॉ कन्वेंशन 2026 में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक लक्ष्य नहीं, बल्कि देश के भविष्य से जुड़ा बड़ा सवाल है और इसे हल्के में नहीं लिया जा सकता। उन्होंने भरोसा जताया कि देश इस चुनौती को पूरा करेगा, लेकिन इसके लिए कानून की गुणवत्ता, स्थिरता और पारदर्शिता जरूरी होगी, क्योंकि इसी पर आर्थिक वादों और निवेश का आधार टिका होता है।

---

## गवर्नर पद के उम्मीदवार पर 4 महिलाओं ने यौन शोषण का आरोप लगाया

**कैलिफोर्निया।** कैलिफोर्निया के गवर्नर पद की दौड़ में शामिल डेमोक्रेट नेता एरिक स्वालवेल पर कई महिलाओं ने यौन शोषण के आरोप लगाए हैं। उनके एक पूर्व स्टाफ ने कहा कि 2024 में एरिक ने नशे की हालत में उसके साथ बलात्कार किया। हालांकि, एरिक ने सभी आरोपों को खारिज किया। उन्होंने इन्हें झूठा बताते हुए कहा कि ये आरोप ऐसे समय लगाए गए हैं, जब वह चुनाव प्रचार में जुटे हैं।

---

**ट्रम्प का गाजा प्लान फंड की कमी में फंसा**

## 17 अरब डॉलर का वादा, 1 अरब भी नहीं जुटा

वाशिंगटन। ■ एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की गाजा के लिए बनाई गई बोर्ड ऑफ पीस फिलहाल अटकी नजर आ रही है। वजह पैसे की कमी है। रॉयटर्स के मुताबिक, गाजा के पुनर्निर्माण के लिए करीब 17 अरब डॉलर का वादा किया गया था। इसमें अब तक 1 अरब डॉलर से भी कम रकम मिली है। 10 देशों ने मदद का वादा किया था। इनमें



से अब तक सिर्फ यूएई , मोरक्को और अमेरिका ने रकम दी है। हाल में ईरान के साथ तनाव और जंग जैसी स्थिति ने प्रक्रिया धीमी कर दी है। दो साल की लड़ाई में गाजा की ज्यादातर इमारतें तबाह हो चुकी हैं। पुनर्निर्माण पर करीब 70 अरब डॉलर खर्च आने का अनुमान है। ऐसे में फंड की कमी और राजनीतिक टकराव इस शांति योजना को जमीन पर उतरने से रोक रहे हैं। हालांकि ट्रम्प की संस्था ने आरोप खारिज किए हैं। उनका दावा है कि फंड की कमी नहीं है।

---

## आशा भोसले को आया हार्ट अटैक , ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती

मुंबई। बॉलीवुड की मशहूर गायिका आशा भोसले को शनिवार रात हार्ट अटैक आया। उन्हें मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल के ढ्ष्ट में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। फिलहाल डॉक्टरों की टीम उनकी निगरानी कर रही है, लेकिन उनकी हालत को लेकर अस्पताल या परिवार की ओर से कोई



आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।आशा भोसले ने 8 सितंबर 2025 को अपना 92वां जन्मदिन मनाया था। हालांकि परिवार की ओर कोई भी ऑफिशियल बयान नहीं आया है। उनकी की बहन उषा मंगेशकर ने कहा कि अभी उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। दिग्गज सिंगर आशा भोसले ने हर शैली के गीतों में अपनी मधुर आवाज का जादू बिखेरा। उनकी आवाज की मिठास ऐसी है कि आज भी लोगों के दिलों पर राज करती है। अपने करियर में 12,000 से ज्यादा गीत गा चुकीं आशा भोसले के लिए संगीत का सफर इतना भी आसान नहीं था। 9 साल की उम्र में ही पिता का साया उठ गया था। 16 साल की उम्र में जब आशा भोसले ने भागकर परिवार वालों के खिलाफ बड़ी बहन लता मंगेशकर के सेक्रेटरी गणपतराव भोसले से शादी की, तब लता मंगेशकर ने बहन से रिश्ता तोड़ लिया।

---

**मुनाफाखोरी और बिकवाली के साथ ही विदेशी निवेशक शेयर बाजार से अपना पैसा निकालने में तुले**

# 40 दिन में विदेशी निवेशकों ने निकाले 1.66 लाख करोड़

नई दिल्ली। ■ एजेंसी

विदेशी निवेशकों की बेरुखी कम होने का नाम नहीं ले रही है। मार्च के बाद अब अप्रैल में भी विदेशी निवेशक शेयर बाजार से अपना पैसा निकालने में तुले हुए हैं। वो भी तब जब अमेरिका ने ईरान के साथ अपने वॉर को हल्का करने के लिए सीजफायर का ऐलान किया है। खास बात तो ये है कि विदेशी निवेशकों ने अप्रैल में अब तक 48,213 करोड़ रुपए के घरेलू शेयर बेचे हैं। जबकि बीते 40 दिनों में ये आंकड़ा 1.66 लाख करोड़ रुपए के पार पहुंच गया है। अगर बात मौजूदा साल की करें तो विदेशी निवेशक 1.79 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की बिकवाली कर चुके हैं। अगर बात शुक्रवार की करें तो



विदेशी निवेशकों ने 672.09 करोड़ रुपए के घरेलू शेयर खरीदे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशक 410.05 करोड़ रुपये के शुद्ध खरीदार रहे। इससे गुरुवार की सुस्ती के बाद, बाजारों को दिन के अंत में अच्छी बढ़त के साथ बंद होने में मदद मिली। सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन बाजार में बैंकों, ऑटो और कंज्यूमर शेयरों का दबदबा रहा। निफ्टी 275.50 अंक या 1.16 फीसदी बढ़कर 24,050.60 पर बंद हुआ। वहीं, सेंसेक्स 918.60 अंक या 1.20 फीसदी बढ़कर 77,550.25 पर बंद हुआ।

### दक्षिण कोरिया और ताइवान में लगा रहे पैसा

बाजार के विशेषज्ञों ने कहा कि ईरान और अमेरिका के बीच शांति वार्ता के नतीजों से बाजारों की दिशा तय होगी, जो मुख्य रूप से विदेशी निवेशकों की बिकवाली के कारण दबाव में रहे हैं। ऐसा लगता है कि विदेशी निवेशकों भारत में बिकवाली करने और अपना पैसा दक्षिण कोरिया और ताइवान जैसे अन्य बाजारों में लगाने पर आमादा हैं, जहां 2026 में कमाई में बढ़ोतरी की संभावनाएं कहीं अधिक बेहतर हैं।

# पुलिस ने कसी नकेल,प्रिंस हत्या कांड में फरार – 5 आरोपियों के घर ढोल–नगाड़ों के साथ चिपकाया इस्तहार।

संवाददाता/दैनीक शुभ भास्कर, राघोपुर, सुपौल



जिले में राघोपुर थाना क्षेत्र के बहुचर्चित प्रिंस हत्याकांड में पुलिस ने अब अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। लंबे समय से गिरफ्तारी से बच रहे और फरार चल रहे पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने कानूनी शिकंजा कसते हुए उनके घरों पर श्इस्तहारश् चिपकाया है। शनिवार को पुलिस की टीम ने भारी दलबल और ढोल-नगाड़ों के साथ आरोपियों के गांव पहुंचकर इस प्रक्रिया को पूरा किया, जिससे पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। ?राघोपुर पुलिस की यह कार्रवाई न्यायालय के आदेशानुसार की गई है। पुलिस की टीम सबसे पहले आरोपियों के घर पहुंची और ढोल बजाकर ग्रामीणों को सूचित किया कि ये व्यक्ति कानून की नजर में भगोड़े हैं। इस दौरान पुलिस ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि आरोपी जल्द से जल्द न्यायालय या थाने में आत्मसमर्पण नहीं करते हैं, तो उनके विरुद्ध कुर्की-जब्ती,संपत्ति की नीलामी की कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ?जिन पांच फरार आरोपियों के घर इस्तहार चिपकाया गया है, उनमें ?राजकुमार सादा,राजू सादा ?रमेश सादा,दिनेश सादा,और ?सोमन सादा शामिल है। ?केस की अब तक की स्थिति रू- ?प्रिंस हत्याकांड मामले की जांच कर रहे केस के जांच अधिकारी ( सब-इंस्पेक्टर अमिया प्रसून ने बताया कि पुलिस इस मामले को लेकर काफी गंभीर है। उन्होंने जानकारी दी कि इस हत्याकांड में अब तक कुल 9 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है। ?अमिया प्रसून ने कहा कि जिन पांच फरार आरोपियों के खिलाफ आज इस्तहार की कार्रवाई हुई है, उनमें प्राथमिकी में दर्ज नामजद आरोपी और जांच के दौरान सामने आए अप्राथमिक आरोपी दोनों शामिल हैं। पुलिस की टीमें लगातार छापेमारी कर रही हैं, लेकिन आरोपी अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदल रहे हैं। ? गौरतलब हो कि बीते 16 जुलाई 2025 को किसनपुर थाना क्षेत्र के मधुरा गांव निवासी प्रिंस की राघोपुर थाना क्षेत्र के कोरियापट्टी में निर्मम हत्या कर दी गई थी। अपराधियों ने क्रूरता की सारी हदें पार करते हुए शव को छिपाने के इरादे से प्रिंस के सिर और धड़ को अलग-अलग कर दिया था। बाद में पुलिस ने कोरियापट्टी तिलावे धार से सिर और धड़ को अलग-अलग स्थानों से बरामद किया, जिससे पूरे इलाके में दहशत फैल गई थी। इस जघन्य हत्याकांड के बाद से ही पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। हालांकि 9 लोग जेल की सलाखों के पीछे हैं, लेकिन इन 5 मुख्य आरोपियों के बाहर होने से पीड़ित परिवार में असुरक्षा का भाव बना हुआ था। पुलिस की इस ताजा कार्रवाई से पीड़ित परिवार और ग्रामीणों को न्याय की उम्मीद जगी है। ?पुलिसिया कार्रवाई का संदेश?राघोपुर पुलिस की इस श्ढोल नगाड़ा रणनीति का उद्देश्य न केवल आरोपियों पर मनोवैज्ञानिक दबाव बनाना है, बल्कि समाज में यह संदेश देना भी है कि कानून से कोई भाग नहीं सकता। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस की इस सक्रियता से अपराधियों के मनोबल में गिरावट आएगी। ?फिलहाल, पुलिस ने सभी आरोपियों के परिजनों को भी हिदायत दी है कि वे उन्हें सरेंडर करने के लिए प्रेरित करें, अन्यथा कुर्की-जब्ती की प्रक्रिया के दौरान घर का सामान और संपत्ति जब्त कर ली जाएगी। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार, फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए विशेष छापेमारी टीम का गठन भी किया गया है।

# सुपौल नगर परिषद पर लगे अनियमितता के आरोप बेबुनियाद

## मुख्य पार्षद राघवेंद्र झा का पलटवार - साजिश के तहत बदनाम किया जा रहा

संवाददाता/दैनीक शुभ भास्कर, सुपौल



जिले के नगर परिषद में सामान खरीददारी को लेकर लगाए गए अनियमितता के आरोपों को मुख्य पार्षद राघवेंद्र झा ने सिरे से खारिज कर दिया है। उन्होंने इन आरोपों को पूरी तरह निराधार, तथ्यहीन और भ्रामक बताते हुए कहा कि यह नगर परिषद की छवि खराब करने की सुनियोजित साजिश है।

मुख्य पार्षद ने कहा कि एक विशेष यूट्यूब चौनल द्वारा सुपौल नगर परिषद को बिहार का सबसे भ्रष्ट नगर परिषद बताया जा रहा है, जो बिल्कुल गलत है। उन्होंने स्पष्ट किया कि संबंधित वीडियो में ही यह दिखाया गया है कि जिन सामानों की खरीद को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं, वही सामान अन्य नगर परिषदों में सुपौल से अधिक कीमत पर खरीदे गए हैं। ऐसे में सवाल उन नगर परिषदों पर उठना चाहिए, जहां अधिक दरों पर खरीददारी की गई है, न कि सुपौल को गलत तरीके से निशाना बनाया जाए।

उन्होंने आगे बताया कि सुपौल नगर परिषद में सभी खरीददारी पूरी पारदर्शिता के साथ सरकारी जेम (ळमड) पोर्टल के माध्यम से की जाती है। इस प्रक्रिया में न्यूनतम दर देने वाले बिडर का चयन किया जाता है, जिससे किसी प्रकार की अनियमितता की गुंजाइश नहीं रहती। उन्होंने कहा कि यदि इसके बावजूद कहीं से कोई शिकायत प्राप्त होती है, तो उसकी निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

राघवेंद्र झा ने कुछ तथाकथित आरटीआई कार्यकर्ताओं पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि जनहित के मुद्दों को उठाना सराहनीय है, लेकिन तथ्यों को तोड़-मरोड़कर प्रस्तुत करना गलत है। इससे न केवल संस्थाओं की छवि धूमिल होती है, बल्कि आम जनता में भी भ्रम की स्थिति उत्पन्न होती है।

उन्होंने सभी से अपील की कि वे जिम्मेदारी के साथ तथ्यों के आधार पर ही अपनी बात रखें और जनहित के वास्तविक मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करें। मुख्य पार्षद ने दोहराया कि सुपौल नगर परिषद पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ कार्य कर रही है तथा विकास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# उच्च माध्यमिक विद्यालय, मधोपुर में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण विद्यार्थियों का सम्मान

बेनीपुर प्रखंड अंतर्गत उच्च माध्यमिक विद्यालय, मधोपुर में शुक्रवार को मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण विद्यार्थियों के सम्मान में समारोह का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम का नेतृत्व विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार यादव के मार्गदर्शन में किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि कड़ी मेहनत और लगन से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है तथा सभी छात्रों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर विद्यालय की ओर से सभी सफल विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया, वहीं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शीर्ष 3 विद्यार्थियों को कप देकर विशेष रूप से सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के दौरान शिक्षकगण एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे। सभी के सहयोग से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



# जिले में एल पी जी आपूर्ति व्यवस्था सुदृढ़,

## पाइपलाइन गैस योजना अंतिम चरण में – कालाबाजारी पर सख्ती

संवाददाता/दैनीक शुभ भास्कर, सुपौल



जिले के नगर क्षेत्र में घरेलू और व्यावसायिक एल पी जी गैस की उपलब्धता को लेकर जिला प्रशासन ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा है कि आपूर्ति व्यवस्था लगातार बेहतर हो रही है। साथ ही, शहर में पाइपलाइन के माध्यम से गैस पहुंचाने की योजना अब अपने अंतिम चरण में है, जिससे आने वाले समय में लोगों को गैस सिलेंडर की आवश्यकता काफी हद तक समाप्त हो जाएगी।प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, जिले में वर्तमान में गैस एजेंसियों के पास लगभग 13,264 एल पी जी सिलेंडरों का भंडार उपलब्ध है और अतिरिक्त 6,885 सिलेंडर मिलने की संभावना है। 10 अप्रैल 2026 को ही करीब 5,899 उपभोक्ताओं को गैस की आपूर्ति की गई, जबकि अब तक 23,378 उपभोक्ताओं को लगातार गैस उपलब्ध कराई जा रही है।जिले की कुल 51 गैस एजेंसियों में से 45 एजेंसियों पर एल पी जी उपलब्ध है, जबकि शेष 6 एजेंसियों को भी शीघ्र आपूर्ति मिलने की उम्मीद है। प्रशासन द्वारा 21 एजेंसियों की जांच की जा चुकी है और 23 होटल एवं प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर व्यावसायिक उपयोग की जांच की गई है।घरेलू गैस के दुरुपयोग और कालाबाजारी के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जा रही है। अब तक ऐसे मामलों में तीन प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी हैं। इसके अलावा, जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय में एल पी जी गैस वितरण की निगरानी के लिए जिला नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जहां शिकायतों के समाधान के लिए हेल्पलाइन नंबर 06473-224005 जारी किया गया है।

पेट्रोल पंपों का भी औचक निरीक्षण किया जा रहा है और तेल कंपनियों के साथ समन्वय बनाकर पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति को सामान्य बनाए रखने का प्रयास किया जा रहा है।जिला प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि घबराने की जरूरत नहीं है। आवश्यक वस्तुओं,एल पी जी गैस और पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं है। सभी को उनकी जरूरत के अनुसार नियमित रूप से आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।

# जिले में कमर्शियल गैस का संकट गहराया, फूड विक्रेता संघ ने प्रशासन से लगाई गुहार


संवाददाता/दैनीक शुभ भास्कर, सुपौल



जिले में कमर्शियल गैस की भारी किल्लत को लेकर फूड विक्रेता संघ ने जिला प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। संघ की ओर से जिला पदाधिकारी को दिए गए आवेदन में बताया गया है कि पिछले एक महीने से होटल और रेस्टोरेंट संचालकों को 19 किलो वाले कमर्शियल गैस सिलेंडरों की गंभीर कमी का सामना करना पड़ रहा है।संघ के अनुसार, वर्तमान में स्थिति बेहद चिंताजनक है और कई व्यवसाय पूरी तरह से प्रभावित हो रहे हैं। मीडिया में 20 से 50 प्रतिशत तक गैस आपूर्ति बहाल होने की खबरें जरूर सामने आ रही हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर इसका कोई असर नहीं दिख रहा है। फूड विक्रेताओं का दावा है कि उन्हें एक भी सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, जिससे उनके प्रतिष्ठान बंद होने की कगार पर पहुंच गए हैं।इस संकट का असर केवल व्यापार तक सीमित नहीं है, बल्कि होटल और रेस्टोरेंट से जुड़े कर्मचारियों तथा उनके परिवारों की आजीविका पर भी सीधा प्रभाव पड़ रहा है। कई कर्मचारियों के सामने रोजगार का संकट उत्पन्न हो गया है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है।फूड विक्रेता संघ ने प्रशासन से मांग की है कि नियमों के तहत कम से कम 50 प्रतिशत गैस आपूर्ति तत्काल सुनिश्चित की जाए, ताकि व्यवसाय को किसी तरह से चलाया जा सके। संघ का कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं निकाला गया, तो स्थिति और भी गंभीर हो सकती है।संघ ने जिला प्रशासन से इस मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई करने की अपील की है, ताकि होटल एवं रेस्टोरेंट व्यवसाय को राहत मिल सके और लोगों की आजीविका सुरक्षित रह सके।

# मघुरा में एक दिवसीय पशु बांझपन निवारण शिविर का आयोजन, पशुपालकों को दी गई महत्वपूर्ण जानकारी।

एक संवाददाता/दैनीक शुभ भास्कर ,किसनपुर, सुपौल



जिले में किसनपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मेहासिमर पंचायत के मघुरा गांव स्थित राधा कृष्ण ठाकुरवाड़ी के प्रांगण में एक दिवसीय पशु बांझपन निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य पशुपालकों को पशुओं के स्वास्थ्य, प्रजनन क्षमता और देखभाल से जुड़ी जरूरी जानकारी प्रदान करना था।शिविर का उद्घाटन माननीय श्रीमती अमृता कुमारी महंथ, श्री महेश्वर दास, डॉ. दिलीप कुमार, डॉ. संजय कुमार एवं डॉ. जवाहर प्रसाद द्वारा संयुक्त रूप किया गया। उद्घाटन के बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. संजय कुमार ने पशुपालन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पशुओं की सही देखभाल और समय पर उपचार से उनकी उत्पादकता बढ़ाई जा सकती है, जिससे किसानों की आय में भी वृद्धि होती है।वहीं प्रभारी पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. दिलीप कुमार ने पशुपालकों को महत्वपूर्ण सुझाव देते हुए बताया कि गाय, बाछी, भैंस और पाड़ी को हर 3 से 6 महीने के अंतराल पर नियमित रूप से कृमिनाशक (वर्म) दवा और मिनरल मिक्सर देना अत्यंत आवश्यक है। इससे पशुओं की प्रजनन क्षमता बेहतर होती है और बांझपन जैसी समस्याओं से बचाव संभव है।कार्यक्रम में कुंदन कुमार, बृजेश कुमार, प्रेम कुमार सहित कई निजी टीकाकर्मी भी उपस्थित रहे। शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों और पशुपालकों ने भाग लिया और विशेषज्ञों से अपने पशुओं से संबंधित समस्याओं का समाधान प्राप्त किया।

# पीएम सूर्य घर योजना को लेकर सुपौल प्रशासन सक्रिय, डीएम ने जागरूकता अभियान तेज करने के दिए निर्देश

संवाददाता/दैनीक शुभ भास्कर, सुपौल



जिले में जिलाधिकारी सावन कुमार की अध्यक्षता में कार्यालय वेश्म में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार और प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि इस योजना का लाभ अधिक से अधिक घरेलू उपभोक्ताओं तक पहुंचे, इसके लिए विशेष अभियान चलाया जाए।उन्होंने कहा कि रूफ्टॉप सोलर सिस्टम को अपनाने के लिए आम लोगों को जागरूक करना बेहद जरूरी है। इसके लिए पंचायत स्तर से लेकर नगर क्षेत्र तक जन-जागरूकता अभियान चलाया जाए, जिसमें लोगों को योजना के फायदे, आवेदन प्रक्रिया और आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दी जाए। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देशित किया कि इच्छुक लाभुकों को ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन करने में हर संभव सहयोग दिया जाए, ताकि किसी भी तकनीकी या प्रक्रियात्मक बाधा के कारण वे वंचित न रह जाएं।बैठक के दौरान विद्युत कार्यपालक अभियंता, सुपौल आलोक रंजन को योजना के सुचारू संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने उन्हें निर्देशित किया कि सभी संबंधित विभागों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करें तथा योजना की प्रगति की नियमित समीक्षा सुनिश्चित करें।जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना आम जनता के लिए बेहद लाभकारी पहल है। इससे न केवल लोगों के बिजली बिल में कमी आएगी, बल्कि सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा मिलने से पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान होगा। उन्होंने सभी अधिकारियों से लक्ष्य निर्धारित कर समयबद्ध तरीके से कार्य करने की अपील की, ताकि सुपौल जिले में इस योजना को सफल बनाया जा सके।

# सिधो-कान्हू की जयंती पर दीग्घी मोड़ में माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित



संवाददाता वसीम अकरम बरहरवा

शनिवार को रांगा थाना अंतर्गत दीग्घी मोड़ स्थित सिधो-कान्हू की प्रतिमा पर उनके जन्मदिन के अवसर पर शनिवार को माल्यार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जहरुल शेख ने किया, जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों और समाज के कई लोगों ने भाग लेकर महान क्रांतिकारी सिधो-कान्हू को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने सिधो-कान्हू के जीवन, संघर्ष और उनके द्वारा किए गए बलिदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने अंग्रेजी शासन और जमींदारी प्रथा के खिलाफ संथाल हूल आंदोलन का नेतृत्व कर आदिवासी समाज को संगठित करने का काम किया। वक्ताओं ने कहा कि सिधो-कान्हू का जीवन हमें अन्याय और शोषण के खिलाफ आवाज उठाने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में झामुमो प्रखंड उपाध्यक्ष जिल्लुर रहमान और झामुमो प्रखंड उपाध्यक्ष जोहरुल शेख ने सिधो-कान्हू के संघर्षपूर्ण जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सिधो-कान्हू जैसे महान वीरों के त्याग और बलिदान की वजह से ही आज समाज को अपनी पहचान और अधिकार मिला है। ऐसे महान व्यक्तित्वों की जयंती मनाकर हम उनके आदर्शों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का कार्य करते हैं। माल्यार्पण कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित लोगों ने प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर पंचायत सचिव प्रदीप सहा, वेडा शेख, पूर्व युवा प्रखंड उपाध्यक्ष नुरुल इस्लाम, नगर पंचायत अध्यक्ष धर्मवीर महतो, रहेद शेख, संजय गुप्ता, उत्तम रजक, रिंकू शेख, बप्पन कुमार मंडल, मस्तूल शेख, संजीव सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।८

# हनुमान मंदिर को चोरों ने बनाया निशाना गेट का ताला तोड़ दान–पात्र से उड़ाए हजारों रुपये

संवाददाता/दैनीक शुभ भास्कर, राघोपुर, सुपौल



जिले में नगर पंचायत राघोपुर थाना से महज 500 मीटर के दुरी पर सिमराही पेट्रोल पंप के समीप श्री श्री 108 बजरंगबली मंदिर में शुक्रवार की रात अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम देकर पुलिस की गश्ती व्यवस्था को चुनौती दी है। चोरों ने मंदिर के मुख्य गेट का ताला तोड़कर दान-पात्र में रखे करीब 25 से 30 हजार रुपये पर हाथ साफ कर दिया।मामले को लेकर ?मंदिर के पुजारी राजेश कुमार झा ने थाना को दिये आवेदन में बताया कि शुक्रवार रात करीब 9 बजे वह मंदिर के कपाट बंद कर अपने गांधीनगर स्थित आवास चले गए थे। शनिवार सुबह करीब 7रू30 बजे जब वे मंदिर पहुंचे, तो मुख्य गेट का ताला टूटा देख उनके होश उड़ गए। अंदर प्रवेश करने पर देखा गया कि दान-पात्र का कब्जा भी टूटा हुआ था और उसमें जमा राशि गायब थी।?घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ मंदिर परिसर में जमा हो गई।बताया गया की दान-पात्र में करीब 25-30 हजार रुपये होने का अनुमान है। धार्मिक स्थल पर हुई इस चोरी से स्थानीय लोगों में काफी रोष है। पुजारी राजेश कुमार झा के आवेदन पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया है।इस संदर्भ में थानाध्यक्ष अमित कुमार राय ने कहा की पुजारी के आवेदन पर कांड दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गयी है।

# सहायक शिक्षा पदाधिकारी परीक्षा को लेकर सुपौल प्रशासन सतर्क,

## 9 केंद्रों पर सख्त व्यवस्था ; कदाचार पर जीरो टॉलरेंस

संवाददाता/दैनीक शुभ भास्कर, सुपौल



जिले में सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी प्रतियोगिता परीक्षा के सफल, शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त संचालन को लेकर सुपौल जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। इसी के मद्देनज़र 11 अप्रैल 2026 को समाहरणालय, सुपौल स्थित लहटन चौधरी सभागार में जिलाधिकारी सावन कुमार की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में परीक्षा की तैयारियों, सुरक्षा व्यवस्था और पारदर्शी संचालन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

इस बैठक में अपर समाहर्ता, जिला शिक्षा पदाधिकारी, वरीय कोषागार पदाधिकारी, विशेष कार्य पदाधिकारी (गोपनीय शाखा) सहित कई वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि परीक्षा हर हाल में निष्पक्ष, पारदर्शी और व्यवस्थित ढंग से संपन्न होनी चाहिए। किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।जिले में परीक्षा के लिए कुल 9 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं। प्रशासन द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार परीक्षा 14, 15, 17, 18, 20 और 21 अप्रैल 2026 को आयोजित होगी। 16 और 19 अप्रैल को परीक्षा नहीं होगी। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जाएगीकृप्रथम पाली सुबह 10रू00 बजे से 12रू00 बजे तक और द्वितीय पाली दोपहर 2रू30 बजे से 4रू30 बजे तक चलेगी।परीक्षा में सामान्य भाषा, सामान्य अध्ययन और सामान्य योग्यता विषयों से प्रश्न पूछे जाएंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रश्नपत्रों की सुरक्षा, समय पर वितरण और परीक्षा के संचालन में किसी भी स्तर पर चूक नहीं होनी चाहिए।कदाचार रोकने के लिए प्रशासन ने व्यापक और सख्त इंतजाम किए हैं। सभी परीक्षा केंद्रों पर दंडाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। साथ ही पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की गई है, ताकि परीक्षा के दौरान कानून-व्यवस्था पूरी तरह नियंत्रण में रहे। संवेदनशील केंद्रों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश भी दिए गए हैं।परीक्षार्थियों के लिए भी कड़े दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। परीक्षा केंद्र में प्रवेश से पहले सभी अभ्यर्थियों की सघन जांच की जाएगी। मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया गया है। यदि कोई अभ्यर्थी इन नियमों का उल्लंघन करता पाया जाता है, तो उसके खिलाफ तत्काल सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# बरहरवारू जुगाड़ वाहन (भुटभुटिया) और मोटरसाइकिल में भिड़ंत , दो की मौत

संवाददाता वसीम अकरम बरहरवा

बरहरवा बरहरवा थाना क्षेत्र के दिग्घी के समीप शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की जान चली गई। जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। हादसा एक जुगाड़ वाहन (भुटभुटिया) और मोटरसाइकिल के बीच हुई भिड़ंत के कारण हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुँचाया गया। जहाँ डॉक्टरों ने दो युवकों को मृत घोषित कर दिया। घायल युवक का प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज जारी है। हादसे का शिकार हुए युवकों की पहचान करीम खान (20 वर्ष), धोबी पोखर, बरहरवा। और कलीम शेख (25 वर्ष), उत्तर प्रदेश। (बताया जा रहा है कि कलीम एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए बरहरवा आया था)। घायल नईम शेख (21 वर्ष), निवासीरू ग्राम कहारपाड़ा का रहने वाला हैशादी की खुशियां मातम में बदलीहादसे की खबर मिलते ही मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया है। विशेष रूप से कलीम शेख की मौत ने परिवार को झकझोर कर रख दिया है। जो उत्तर प्रदेश से यहां एक वैवाहिक कार्यक्रम में खुशियां बांटने आया था। लेकिन सड़क हादसे ने उसकी जिंदगी छीन ली।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र में इस घटना के बाद से शोक की लहर है।

# सिद्धों-कान्हू जयंती पर झामुमो द्वारा माल्यार्पण

**दैनिक शुभ भास्कर जिला ब्यूरो साहिबगंज**

साहिबगंज रूझारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की ओर से अमर शहीद सिद्धों-कान्हू की जयंती के गौरवशाली अवसर पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। आदरणीय विधायक प्रतिनिधि सह नगर पंचायत उपाध्यक्ष मो. मारूफउर्फ गुड्डू जी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने अनुमंडल पदाधिकारी आवास के समक्ष स्थापित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शहीदों के बलिदान को याद किया गया। वीर शहीदों की वीरता को नमन करना और समाज में उनके संदेश को प्रसारित करना। उपस्थित गणमान्य व्यक्तिरू कार्यक्रम के दौरान झामुमो के कई प्रमुख पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिनमें मुख्य रूप से शामिल



थेरू मो. आजाद (झामुमो नगर अध्यक्ष) दुर्गा मंडल (प्रखंड सचिव) मुर्शीद राजा अब्दुल कादिर मो. अयुब मो. सन्नी राजीव मंडल विजय यादव मो. जाकिर शेख वासुदेव मंडल ख11रू42 चउ, 11/4/2026, टपींतदैनिक अखवार प्रभारीरू महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती धूमधाम से मनाई दैनिक शुभ भास्कर श्रीमती हंसा राजस्थान उदयपुर। सर्व ओबीसी समाज महापंचायत ट्रस्ट रजि उदयपुर एवं ज्योतिबा फुले टी टी कॉलेज, उदयपुर द्वारा ज्योतिबा फुले जयंती धूमधाम से मनाई। प्रवक्ता नरेश पूर्बिया ने बताया कि शनिवार को प्रात 9 बजे समाज सुधारक, क्रांति सुर्य व सत्य शोधक महात्मा ज्योतिबा फुले की द्विशताब्दी वर्षगांठ समारोह ज्योतिबा फुले सर्कल, 100 फ़ीट रोड़ माली कोलोनी उदयपुर पर महात्मा ज्योतिबा फुले की तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित की गई। सभी समाज प्रतिनिधियों ने बारी बारी से पुष्प अर्पित कर उनके आदर्शो पर चलने की प्रेरणा ली। संस्थापक दिनेश माली ने अपने उद्बोधन में कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले का जन्म 11 अप्रैल 1827 में पुणे में माता चिमण बाई और पिता गोविंद राव के घर में हुआ। इनका परिवार फुलों का व्यवसाय करता था। इसलिए इनकी पीढ़ी श्फुलेश् से जानने लगीं। ज्योतिबा फुले बहुत बुद्धिमान,महान क्रांतिकारी, भारतीय विचारक, समाज सेवी, लेखक एवं दार्शनिक थे। सन् 1840 में इनका विवाह सावित्रीबाई फुले से हुआ। उस समय महाराष्ट्र में जाति प्रथा बहुत ही वीभत्स रूप में फैलीं हुई थीं। महिला शिक्षा के प्रति उदासीन थे। ऐसे में ज्योतिबा फुले ने समाज में फैली इन कुरितियां को मिटाने के लिए आंदोलन चलाया। फुले ने भारत का पहला बालिका विद्यालय पुणे में खोला। सावित्रीबाई फुले को स्कूल शिक्षा देकर शिक्षिका बनाया। भारत की पहली शिक्षिका सावित्रीबाई फुले बनीं। कार्यक्रम में चन्द्र प्रकाश चित्तोड़ा द्वारा रचित महात्मा ज्योतिबा फुले की सुक्ष्म पत्रिका का विमोचन किया गया।

# महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती धूमधाम से मनाई

**दैनिक शुभ भास्कर श्रीमती हंसा राजस्थान उदयपुर।**



सर्व ओबीसी समाज महापंचायत ट्रस्ट रजि उदयपुर एवं ज्योतिबा फुले टी टी कॉलेज, उदयपुर द्वारा ज्योतिबा फुले जयंती धूमधाम से मनाई। प्रवक्ता नरेश पूर्बिया ने बताया कि शनिवार को प्रात 9 बजे समाज सुधारक, क्रांति सुर्य व सत्य शोधक महात्मा ज्योतिबा फुले की द्विशताब्दी वर्षगांठ समारोह ज्योतिबा फुले सर्कल, 100 फ़ीट रोड़ माली कोलोनी उदयपुर पर महात्मा ज्योतिबा फुले की तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित की गई। सभी समाज प्रतिनिधियों ने बारी बारी से पुष्प अर्पित कर उनके आदर्शो पर चलने की प्रेरणा ली। संस्थापक दिनेश माली ने अपने उद्बोधन में कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले का जन्म 11 अप्रैल 1827 में पुणे में माता चिमण बाई और पिता गोविंद राव के घर में हुआ। इनका परिवार फुलों का व्यवसाय करता था। इसलिए इनकी पीढ़ी श्फुलेश् से जानने लगीं। ज्योतिबा फुले बहुत बुद्धिमान,महान क्रांतिकारी, भारतीय विचारक, समाज सेवी, लेखक एवं दार्शनिक थे। सन् 1840 में इनका विवाह सावित्रीबाई फुले से हुआ। उस समय महाराष्ट्र में जाति प्रथा बहुत ही वीभत्स रूप में फैलीं हुई थीं। महिला शिक्षा के प्रति उदासीन थे। ऐसे में ज्योतिबा फुले ने समाज में फैली इन कुरितियां को मिटाने के लिए आंदोलन चलाया। फुले ने भारत का पहला बालिका विद्यालय पुणे में खोला। सावित्रीबाई फुले को स्कूल शिक्षा देकर शिक्षिका बनाया। भारत की पहली शिक्षिका सावित्रीबाई फुले बनीं। कार्यक्रम में चन्द्र प्रकाश चित्तोड़ा द्वारा रचित महात्मा ज्योतिबा फुले की सुक्ष्म पत्रिका का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष लोकेश चौधरी, सुर्य प्रकाश सुहालका, नरेश पूर्बिया,हुक्मी चंद्र गर्ग, रमाकांत अजारिया,पी एस पटेल,बाल कृष्ण सुहालका,भेरु लाल भोई,भेरु लाल कलाल,हुक्मी चंद्र गर्ग, डी पी लक्षकार, अशोक मेवाड़ा व प्रदेश युवा अध्यक्ष दिवाकर माली उपस्थित थे। महिला संगठन से प्रदेशाध्यक्ष मणी बेन पटेल, गंगा देवी माली, शर्मिला माली,पुजा टेलर, मंजू सुथार सहित सैकड़ों महिला पुरुष उपस्थित रहे

# पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के आयोजन हेतु सांसद अनुराग शर्मा बने शिरोमणि संरक्षक



सुनील कुमार मिश्रा बद्री दैनिक शुभ भास्कर उत्तर प्रदेश बुंदेलखंड झाँसीरू- महानगर के मेडिकल कॉलेज गेट नं. 3 के आगे निर्माणाधीन भगवान महावीर महातीर्थ में आगामी 12 मई से 17 मई के मध्य श्रीमज्जिनेन्द्र जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महामहोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन भारत के सर्वमान्य दिगम्बराचार्य पट्टाचार्य श्री विशुद्धसागरजी महामुनिराज ससंघ एवं मुनिश्री अविचलसागरजी के मंगल सान्निध्य में होगा। इस गरिमामयी आयोजन के लिए झाँसी-ललितपुर लोकसभा संसदीय क्षेत्र के माननीय सांसद श्री अनुराग शर्मा जी को शिरोमणि संरक्षकश् बनाया गया है।श्री भगवान महावीर लोक कल्याण समिति के महामंत्री शैलेन्द्र जैन श्प्रेसश् के नेतृत्व में जैन समाज का एक प्रतिनिधिमण्डल ने माननीय सांसद जी के निवास स्थान पर भेंट कर उन्हें इस दायित्व का प्रस्ताव सौंपा। इस प्रतिनिधिमण्डल में वरिष्ठ समाजसेवी कैलाशचंद जैन वर्धमान, मंत्री सुरेन्द्र जैन बक्सा, पंचायत उपाध्यक्ष रविन्द्र जैन रेल्वे, महामंत्री वरुण जैन, व्यापारी नेता अतुल जैन सर, मनोज सिंघई, अलंकार जैन, अंकित सर्राफ प्रभात जैन कुंजबिहारी और सौरभ जैन सर्वज्ञ शामिल रहे।सांसद महोदय ने इस प्रस्ताव को सहर्ष स्वीकार करते हुए धर्म और समाज की सेवा हेतु अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। तत्पश्चात, प्रतिनिधिमण्डल ने उन्हें आचार्य श्री विशुद्धसागरजी महामुनिराज द्वारा रचित श्सत्यार्थ बोधश् ग्रन्थ भेंट किया तथा धर्म पट्टिका एवं माल्यार्पण कर उनका सम्मान किया। भगवान महावीर लोक कल्याण समिति के महामंत्री शैलेन्द्र जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन संपूर्ण क्षेत्र की धार्मिक आस्था और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। सांसद जी के मार्गदर्शन और संरक्षण में इस महोत्सव को और अधिक गरिमापूर्ण एवं भव्य तरीके से संपन्न किया जाएगा। उनके अनुभव और सहयोग से श्रद्धालुओं के लिए सुविधाएं और प्रबंधन और भी बेहतर होंगे।इस अवसर पर माननीय सांसद जी ने पंचायत महामंत्री वरुण जैन को नगर निगम झाँसी में मनोनीत पार्षद नियुक्त किए जाने पर उन्हें सम्मानित किया तथा उपस्थित जैन समाज के शिष्ट प्रतिनिधिमण्डल का आत्मीय स्वागत किया

# वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव कुमार कुलश्रेष्ठ उत्तर मध्य रेलवे के पैनल अधिवक्ता नियुक्त, मैनपुरी बार में हर्ष की लहर



**राजवीर सिंह यादव ब्यूरो चीफमैनपुरी दैनिक शुभ भास्कर**

मैनपुरी।उत्तर मध्य रेलवे द्वारा जनपद के वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव कुमार कुलश्रेष्ठ को रेलवे का पैनल अधिवक्ता नियुक्त किया गया है, जिससे स्थानीय विधि जगत और उनके शुभचिंतकों में खुशी का माहौल है। प्रयागराज मुख्यालय द्वारा जारी इस आदेश के बाद अब वह मैनपुरी जिला एवं अधीनस्थ न्यायालयों में रेलवे प्रशासन का पक्ष रखेंगे। उनकी इस उपलब्धि पर उत्तर प्रदेश टैक्स बार एसोसिएशन और अखिल भारतीय कायस्थ महासभा द्वारा एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें अधिवक्ताओं ने उन्हें शाल और पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। वक्ताओं ने इसे मैनपुरी बार के लिए गौरव का विषय बताते हुए उनकी कानूनी विशेषज्ञता और वर्षो के अनुभव का प्रतिफल करार दिय सम्मान से अभिभूत एडवोकेट राजीव कुमार कुलश्रेष्ठ ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए अपनी प्राथमिकताओं को स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि रेलवे प्रशासन के हितों की रक्षा और विधिक मामलों का समयबद्ध निस्तारण उनकी प्राथमिकता होगी। इसके साथ ही उन्होंने आश्वासन दिया कि वह शिकोहाबाद से फर्रुखाबाद तक डबल लाइन पटरी के प्रस्ताव पर पैरवी करने के साथ-साथ रेलवे की अतिक्रमित भूमि को मुक्त कराने के लिए कार्य करेंगे। अधिवक्ताओं के लिए रेलवे में आरक्षित सीट और रियायती टिकट का प्रस्ताव भेजने की बात भी कही, जिससे कानूनविदों के कल्याण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता झलकती है कार्यक्रम के दौरान उनकी कड़ी मेहनत और सामाजिक सक्रियता की सराहना की गई, विशेष रूप से यह उल्लेख किया गया कि वह पूर्व में 10 बार उत्तर प्रदेश टैक्सेशन बार एसोसिएशन का चुनाव जीत चुके हैं। डॉ. चांदमोहन सक्सेना और एडवोकेट अशोक कुमार गुप्ता सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। इस अवसर पर भारी संख्या में वरिष्ठ अधिवक्ता, पत्रकार और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिन्होंने उनके नेतृत्व में रेलवे के विधिक कार्यो को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई। कार्यक्रम का सफल संचालन एडवोकेट विकास नंदन कुलश्रेष्ठ द्वारा किया गया।

# ज्योतिबा फुले जयंती पर फुले फिल्म प्रदर्शित कर ओबीसी समाज को जागरूक करने का प्रयास



दैनिक शुभ भास्कर श्रीमती हंसा राजस्थान उदयपुर सर्व ओबीसी समाज महापंचायत ट्रस्ट रजि उदयपुर व ज्योतिबा फुले टी टी कॉलेज उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में मोहन लाल सुखाड़िया रंगमंच, टाउनहॉल, उदयपुर में महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। प्रवक्ता नरेश पूर्बिया ने बताया कि इस अवसर पर सामाजिक जागरुकता, प्रेरणा, शिक्षा को समर्पित कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले के संघर्ष मय जीवन व समाज सुधार के लिए प्रयत्न पर आधारित फिल्म श् फुले श् दिखाई गई। सभी दर्शकों ने फिल्म बहुत सराहना की।प्रतिभा सम्मान समारोह - फिल्म प्रदर्शन के बाद प्रतिभा सम्मान समारोह रखा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पुष्कर लाल डांगी मावली विधायक थे।विशिष्ट अतिथि हुक्मचंद गर्ग,निदेशक गुरुकुल पेरामेडिकल कालेज डबोक थे।मुख्य अतिथि मोतीलाल सांखला राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्योति बा फूले जागृति मंच, तुलसी राम लोहार, मोटिवेशनल स्पीकर नवनीत नागर थे। सभी अतिथियों का सम्मान संस्थापक दिनेश माली, अध्यक्ष लोकेश चौधरी, महासचिव सुर्य प्रकाश सुहालका,पी एस पटेल,बाल कृष्ण सुहालका व भेरुलाल कलाल ने उपरणा, पगड़ी पहनाकर, साहित्य भेंटकर किया। कार्यक्रम का संचालन राजेन्द्र सेन ने किया। मुख्य अतिथि मोतीलाल सांखला ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले ने भारत में पहला बालिका विद्यालय खोल कर नारी शिक्षा को बढ़ावा दिया। उनकी पत्नी सावित्रीबाई फुले को पढ़ाकर भारत की पहली शिक्षिका बनाया। समाज में फैली कई कुरितियो व दलितों के प्रति अछूत प्रथा के विरोध मे तीव्र आंदोलन कर समाज में नई चेतना लाएं। मोटिवेशनल स्पीकर नवनीत नागर ने कहा कि बच्चों को सरकारी नौकरियों के लिए लगातार प्रयास व धैर्य के साथ तैयार करनी चाहिए। अगर एक बार में सफलता नहीं मिलती है तो माता पिता और बालकों को हताश नहीं होना है। और पुनः तैयारी में लगना चाहिए। एक दिन सफलता अवश्य मिलती हैं। कार्यक्रम में करीब 800 लोगों की उपस्थिति में ओबीसी के 10 वीं व 12 बोर्ड परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले 161 प्रतिभावान विद्यार्थियों का उपरणा, प्रसंशा पत्र और साहित्य देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में उदयपुर सम्भाग से दूर दूर से विधार्थियों व ओबीसी समाज के लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में करीब 40 ओबीसी समाज के अध्यक्षों व पदाधिकारियों कार्यक्रम में भाग लेकर ओबीसी समाज की एकता का परिचय दिया। सभी का अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया। कार्यक्रम की बागडोर युवा अध्यक्ष डॉ दिवाकर माली, रतन लाल गुर्जर,किसन राव, दिनेश कुमार माली,भेरु लाल भोई ने सम्भाल रखीं थीं। कार्यक्रम में भाग लेने आए सभी लोगों का रजिस्ट्रेशन कर, तिलक व उपरणा से स्वागत महिला प्रदेशाध्यक्ष मणी बेन पटेल, गंगा देवी माली, शर्मिला माली,पुजा टेलर , मंजू सुथार, अर्चना भाटी ने किया। कार्यक्रम में महेन्द्र पूर्बिया,मदन चौधरी,कजोडी लाल पूर्बिया, डी पी लक्षकार, रमेश पूर्बिया, अशोक मेवाड़ा, हेमलता पूर्बिया,भारत चांगवाल ,संजय महेरिया ,मुकेश चौहान ,कृष रावलिया ,अरुण चांगवाल,दिव्यांश भाटी ,गौरिश ,श्रेयांश सहित गणमान्य सदस्य उपस्थित थे। भेरु लाल भाई ने भोजन के सभी को प्रेरित करते हुए भोजन उतना ही ले जितना खा सके। भोजन व्यर्थ ना जाए नाली में। का संदेश देते हुए खाने के बाद थाली एकत्र करने के पात्र के पास खड़े हो गए और जिनके भी थाली में झूठा भोजन था। उन्हें खिलाकर ही खाली डस्टबिन में डलवाई। जिसका सभी ने दिल से सराहना की।

# पतना चौक पर दर्दनाक सड़क हादसा अवैध बालू लदे ट्रैक्टर की टक्कर से युवक की मौत, एक गंभीर

**संवाददाता वसीम अकरम पतना**



रांगा थाना क्षेत्र के पतना चौक में देर रात एक भीषण सड़क दुर्घटना में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार, बरहेट निवासी 25 वर्षीय मजीबुर अंसारी अपने साथी अजरुल अंसारी के साथ बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान पतना चौक के समीप अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मजीबुर अंसारी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि अजरुल अंसारी गंभीर रूप से घायल हो गए।स्थानीय लोगों की तत्परता से दोनों को तुरंत बरहरवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने अजरुल अंसारी का प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए उन्हें रेफर कर दिया।घटना की सूचना मिलते ही रांगा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया है।बताया जा रहा है कि मृतक अपने दो साथियों के साथ बरहरवा आए थे और लौटने के दौरान यह हादसा हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रैक्टर अवैध बालू से लदा था और चालक नशे की हालत में वाहन चला रहा था, जिससे यह गंभीर हादसा हुआ।फिलहाल पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी है और ट्रैक्टर चालक की तलाश की जा रही है।

# झारखंड विकास के प्रतीक माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन जी एवं महिला सशक्तिकरण की प्रतीक माननीय गांडेय विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन जी के कार्य योजना से असम की जनता प्रभावित

## सशक्त, समृद्ध और न्यायपूर्ण असम का निर्माण झामुमो का संकल्प - विधायक.

**दैनिक शुभ भास्कर जिला ब्यूरो साहिबगंज**



साहिबगंज असम चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा के केन्द्रीय अध्यक्ष सह माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन जी के नेतृत्व में पार्टी ने चुनावी मैदान में अपना प्रत्याशी उतारकर बेहतर प्रदर्शन किया है. झारखंड के विकास के प्रतीक के मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन जी एवं महिला सशक्तिकरण की प्रतीक श्रीमती कल्पना सोरेन जी के कार्यों से प्रभावित होकर असम की जनता ने अपना ढेर सारा प्यार आशीर्वाद झारखंड मुक्ति मोर्चा को देने का काम किए हैं. झामुमो के पक्ष में असम की जनता का जनसैलाब देखने को मिला. उपरोक्त बातें माननीय राजमहल विधायक सह झामुमो स्टार प्रचारक आदरणीय मो ताजउद्दीन उर्फ एमटी राजा जी ने कही. उन्होंने कहा कि असम के आदिवासी, अल्पसंख्यक, टी ट्राइब, राजवंशी समाज जो अपने हक और अधिकार की लड़ाई लड़ रही थी और उनकी आवाज को सिर्फ दबाने का प्रयास असम की मौजूदा सरकार ने किया था. मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन जी उन सभी का आवाज बनकर उनकी मांगों पर बल देते हुए कहें कि सभी के अधिकार के प्रति झारखंड मुक्ति मोर्चा गंभीर है. इसलिए हक और अधिकार की लड़ाई जारी रहेगी. श्रीमती कल्पना सोरेन जी भी झारखंड में महिलाओं को सशक्त करने की योजना की जानकारी असम की महिलाओं के साथ साझा किए हैं. जिससे वहां की महिलाएं भी काफी प्रभावित हुई. आदरणीय एमटी राजा जी ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री आदरणीय श्री हेमंत सोरेन जी ने हजारों लोगों की बदलाव और विकास की लहर को और मजबूत किया.जनता का उत्साह और समर्थन इस बात का प्रमाण है कि अब समय है न्याय, अधिकार और समृद्धि की राजनीति को आगे बढ़ाने का है.झामुमो की संकल्प है कि हर वर्ग के लोगों के सम्मान, महिलाओं एवं रयुवाओं को रोजगार और क्षेत्र के समग्र विकास के साथ- साथ असम के चाय बागानों में कार्य करने वाले आदिवासी महिलाओं को उचित मजदूरी मिले. एक सशक्त, समृद्ध और न्यायपूर्ण असम का निर्माण हो.

# मैनपुरी में सपा महिला सभा की बैठक 2027 के चुनावी रण के लिए कसी कमर



**राजवीर सिंह यादव ब्यूरो चीफमैनपुरी दैनिक शुभ भास्कर**

मैनपुरी समाजवादी महिला सभा की मासिक बैठक मैनपुरी स्थित जिला कार्यालय में संपन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष ज्योति मैसी ने की। इस महत्वपूर्ण सत्र में मुख्य रूप से आलोक कुमार शाक्य उपस्थित रहे, जिन्होंने आगामी राजनैतिक चुनौतियों पर चर्चा की। कार्यक्रम का कुशल संचालन सुमन यादव द्वारा किया गया, जिसमें भारी संख्या में महिला कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक अपनी भागीदारी दर्ज कराईबैठक को संबोधित करते हुए आलोक कुमार शाक्य ने कार्यकर्ताओं में जोश भरा और उन्हें अभी से 2027 के विधानसभा चुनावों की तैयारियों में जुटने का आह्वान किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाना और नए मतदाताओं का पंजीकरण कराना वर्तमान में संगठन की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। शाक्य ने कार्यकर्ताओं को जमीन पर उतरकर पार्टी के आधार को मजबूत करने का निर्देश दिया।रणनीतिक चर्चा के साथ-साथ सामाजिक संदेश देते हुए शाक्य ने सभी महिला कार्यकर्ताओं को 19 अप्रैल को अपने-अपने क्षेत्रों में डॉ. बी.आर. अंबेडकर की जयंती भव्य रूप से मनाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर सुमन दिवाकर, राजरानी रावत, आशा चौहान और अमृता गुप्ता सहित दर्जनों सक्रिय महिला पदाधिकारी मौजूद रहीं, जिन्होंने पार्टी के आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने का संकल्प लिया।

# मधुबनी जिला पदाधिकारी श्री आनंद शर्मा ने शिक्षा के व्यावसायीकरण और निजी स्कूलों द्वारा मनमानी फीस व महंगी किताबों के नाम पर अवैध वसूली करने वालों के खिलाफकड़ी कार्रवाई का दिया निर्देश

**मधुबनी संवाददाता**



मधुबनी जिला पदाधिकारी श्री आनंद शर्मा ने कहा इस कार्रवाई का उद्देश्य शिक्षा को काला कारोबार बना चुके संस्थानो पर नकेल कसकरअभिभावकों को राहत पहुंचाना है और निजी विद्यालयों द्वारा मनमानी शुल्क वसूली एवं अनियमितताओं पर होगी सख्ती जिलाधिकारी श्री आनंद शर्मा ने जारी किए सख्त आदेश जिलाधिकारीश्री आनंद शर्मा ने अपने एक आदेश में कहा है कि विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायतों में यह बात आई है कि जिले के कुछ निजी विद्यालयों में नामांकन के दौरान छात्रों एवं अभिभावकों से पुनः नामांकन, ड्रेस, पुस्तक, विकास शुल्क, वार्षिक शुल्क आदि के नाम पर अत्यधिक एवं अनियमित राशि वसूली की जा रही है। साथ ही विद्यालयों द्वारा यूनिफॉर्म पुस्तक एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री के लिए निर्धारित दुकानों से ही खरीद करने हेतु अभिभावकों को बाध्य किया जा रहा हैइस पर गंभीर संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी द्वारा स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं कि यह प्रवृत्ति शिक्षा के व्यावसायीकरण को बढ़ावा देती है, जो अत्यंत चिंताजनक एवं आपत्तिजनक है इसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगाजिलाधिकारी ने जिले के सभी निजी विद्यालयों के संचालकों को निर्देशित किया है कि वे निम्नलिखित नियमों एवं अधिनियमों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करेंशिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009बिहार विद्यालय परिवहन संचालन विनियमन, 2020बिहार निजी विद्यालय (शुल्क विनियमन) अधिनियम 2019निर्देशों के अनुसाररूविद्यालय द्वारा निर्धारित सभी प्रकार के शुल्क (प्रवेश पुन नामांकन विकास मासिक, वार्षिक आदि) की जानकारी विद्यालय के सूचना पट्ट एवं वेबसाइट पर सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित की जाएगी।पुस्तकों ड्रेस एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री की सूची भी सार्वजनिक की जाएगीअभिभावकों को किसी विशेष दुकान से सामग्री खरीदने के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा वे अपनी सुविधा अनुसार कहीं से भी खरीद सकते हैंविद्यालयों द्वारा हर वर्ष यूनिफॉर्म बदलने जैसी अनावश्यक प्रथाओं से बचा जाएगाजिलाधिकारी ने चेतावनी दी है कि यदि कोई विद्यालय इन निर्देशों का उल्लंघन करता पाया गया, तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगीइस आदेश के अनुपालन की निगरानी अनुमंडल स्तर पर संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी तथा जिला स्तर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी मधुबनी द्वारा की जाएगी।यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है

# अवैध हथियारों के साथ शातिर अपराधी गिरफ्तार, मैनपुरी पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**राजवीर सिंह यादव ब्यूरो चीफमैनपुरी दैनिक शुभ भास्कर**

मैनपुरी किशनी थाना पुलिस ने अपराध नियंत्रण अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने गश्त और चेकिंग के दौरान कुसमरा मोड़ के पास से पंकज उर्फभारतेन्द्र पुत्र प्रताप नाम के एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार किया गया व्यक्ति एक हिस्ट्रीशीटर अपराधी है, जिसके विरुद्ध पूर्व में विभिन्न थानों में चोरी, धोखाधड़ी, गैंगस्टर एक्ट और पेट्रोलियम एक्ट जैसे कई गंभीर मामले दर्ज हैं। थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया, जिसके बाद अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप ने मैनपुरी में विकास कार्यों का परखा हाल, विपक्ष पर साधा निशाना

राजवीर सिंह यादव ब्यूरो चीफ मैनपुरी
दैनिक शुभ भास्कर



मैनपुरी प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप ने मैनपुरी जिले के सघन दौरे के दौरान विभिन्न सरकारी परियोजनाओं और जन सुविधाओं की जमीनी हकीकत जानी। दौरे की शुरुआत उन्होंने करहल की अनाज मंडी से की, जहाँ उन्होंने गेहूं खरीद की प्रक्रिया की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ हर हाल में मिलना चाहिए। इसके पश्चात, मंत्री ने निर्माणाधीन साइबर थाने और जिला अस्पताल का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं एवं सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर जोर दियाअस्पताल के निरीक्षण के दौरान मंत्री ने मरीजों से बातचीत कर उनके उपचार और सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार का सुशासन और बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का संकल्प अब धरातल पर दिखने लगा है। मतदाताओं की सूची के पुनरीक्षण पर उठ रहे सवालों पर उन्होंने चुनाव आयोग की निष्पक्षता का बचाव किया और स्पष्ट किया कि नाम हटाने के पीछे स्थान परिवर्तन जैसे वैध कारण हैं, जिससे चुनावी प्रक्रिया में और अधिक पारदर्शिता आएगी।राजनीतिक मुद्दों पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए नरेंद्र कश्यप ने कन्नौज में मंत्री असीम अरुण के बयान का पुरजोर समर्थन किया। उन्होंने 2012 से 2017 के बीच की कानून व्यवस्था की स्थिति का उल्लेख करते हुए असीम अरुण को एक अनुभवी पूर्व अधिकारी और कुशल मंत्री बताया। साथ ही, विपक्ष के प्रमुख नेताओं राहुल गांधी और अखिलेश यादव पर प्रहार करते हुए उन्होंने कहा कि कुछ नेता हर संस्थान की कार्यप्रणाली पर संदेह जताते हैं, जबकि बेहतर प्रदर्शन के लिए संस्थानों की सराहना करना आवश्यक है। दौरे के अंत में प्रभारी मंत्री ने वृंदावन में यमुना नदी में हुई नाव दुर्घटना पर गहरा शोक प्रकट किया। इस दुःखद घटना में अपनी जान गंवाने वाले लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा आर्थिक सहायता की घोषणा की जा चुकी है। उन्होंने स्थानीय प्रशासन को बचाव कार्यों में तेजी लाने और प्रभावित परिवारों को हर संभव मदद पहुँचाने के निर्देश दिए, ताकि संकट की इस घड़ी में उन्हें उचित राहत मिल सके।

## श्रीदेवी मेले में बिखरी बृज की छटा, राधा-कृष्ण के रंग में रंगे श्रद्धालु



राजवीर सिंह यादव ब्यूरो चीफ मैनपुरी दैनिक शुभ भास्कर

मैनपुरी ऐतिहासिक श्रीदेवी मेला एवं ग्राम सुधार प्रदर्शनी के कादंबरी रंगमंच पर शुक्रवार की रात एक शाम श्रीराधा-कृष्ण के नाम सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस शाम मथुरा, हाथरस और राजस्थान से आए कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से बृज की अनूठी संस्कृति को जीवंत कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। आयोजन समिति के सदस्यों ने अतिथियों का माल्यार्पण और प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किय सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आगाज गणेश वंदना के साथ हुआ, जिसके बाद कलाकारों ने राधा-कृष्ण के मनोहारी स्वरूपों में मंच पर मयूर नृत्य और फूलों की होली का अद्भुत प्रदर्शन किया। राजस्थान से आए कलाकारों के चिरकुला नृत्य ने दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी। भजनों की सुमधुर लहरियों पर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध होकर झूमने को मजबूर हो गए। इस दौरान भगवान के स्वरूपों ने दर्शकों के साथ होली खेलकर पूरे माहौल को भक्तिमय और उल्लासपूर्ण बना दिया।समारोह के दौरान विशेष रूप से संगीत के क्षेत्र में उभरती प्रतिभा और पुलिस अधीक्षक की पुत्री आध्या साहा को उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। इसके साथ ही रोहित जैन और राष्ट्रपति पुरस्कार के लिए नामित शिक्षक अश्वनी जैन को भी जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्मानित किया गया। आयोजन समिति के संयोजक कन्हैया लाल धूसिया, सौरभ जैन और महेंद्र पाल सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों ने अतिथियों का भावपूर्ण अभिनंदन किया।इस भव्य आयोजन के अवसर पर जिले के प्रशासनिक अधिकारियों सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। उपस्थित अतिथियों में एसपी सिटी अरुण कुमार, सीओ संतोष कुमार सिंह, आरआई देवांशु गंगवार और विभिन्न नगर निकायों के अध्यक्षों सहित भारी संख्या में स्थानीय लोग और पत्रकार शामिल थे। देर रात तक चले इस कार्यक्रम ने दर्शकों को भक्ति और कला के अनूठे संगम से जोड़े रखा।

## आलाअधिकारी बने भूमाफिया! नेउरा में 3 कट्ठा जमीन पर जबरन कब्जे का आरोप।



पटना के नेउरा थाना क्षेत्र के मौजा पैनाल स्थित श्रीचंदपुर रोड पर, गोल इंस्टीट्यूट के पास जमीन विवाद ने अब तूल पकड़ लिया है। खाता संख्या 2473 व 1970 के प्लॉट संख्या 6798 और 6801 को लेकर अजय प्रकाश ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि मामला पटना हाईकोर्ट में ब्ॅश्रब् छ्व. 11748/23 के तहत लंबित है, फिर भी 15 मार्च 2026 से विवादित जमीन पर जबरन बाउंड्री वॉल और प्लास्टर का काम कराया जा रहा है। अजय प्रकाश के अनुसार, अंचलाधिकारी के निर्देश पर पहले आंशिक मापी हुई थी, लेकिन पूरी जमीन की मापी नहीं कराई जा रही है, जबकि इसी से करीब तीन कट्ठा जमीन का विवाद सुलझ सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव के ओएसडी प्रभात भूषण मापी प्रक्रिया को प्रभावित कर रहे हैं और दबाव बनाकर कब्जा करने की कोशिश हो रही है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में अजय प्रकाश ने कहा, ÷हम एक बीघा लिए हैं और सामने वाला भी एक बीघाकृमामला सिर्फ नापी का है, लेकिन नापी से बचकर जबरदस्ती 23 कट्ठा जमीन घेर ली जा रही है।÷ उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि अधिकारियों से गुहार लगाने पर हर बार हाई प्रोफाइल मामला÷ कहकर टाल दिया जाता है। पीड़ित ने निष्पक्ष मापी, अवैध निर्माण पर रोक और न्याय की मांग की है।

## दानापुर रेलवे स्टेशन पर मोबाइल चोर आभूषण चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का भंडाफोड़।

चंदू प्रिन्स संवाददाता दैनिक शुभ भास्कर
खगौल दानापुर।



खगौल दानापुर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के मोबाइल और कीमती सामान चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का रेल पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। कार्रवाई में कई शातिर चोरों को गिरफ्तार किया गया है।दानापुर जंक्शन रेलवे स्टेशन पर राजकीय रेल पुलिस (ळत्च्) और रेलवे सुरक्षा बल (त्च्थ्) द्वारा संयुक्त रूप से विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान शाम करीब 7रू45 बजे प्लेटफॉर्म संख्या-3 के पूर्वी फुटओवर ब्रिज के पास तीन संदिग्ध युवक तेजी से जाते हुए दिखाई दिए। पुलिस को शक होने पर तीनों को घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पूछताछ में वे संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। तलाशी लेने पर उनके पास से तीन अलग-अलग कंपनियों के स्क्रीन टच मोबाइल फोन बरामद किए गए।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान इस प्रकार हुई।हिमांशु कुमार (18 वर्ष), पितादृ सोनू सिंह, निवासीदृ फतेहपुर, थाना राघोपुर, जिला वैशाली
राहुल सिंह (22 वर्ष), पितादृ मिथिलेश सिंह, निवासीदृ मुसहर टोली, थाना खगौल, जिला पटना
राजेश सिंह (20 वर्ष), पितादृ कन्हैया सिंह, निवासीदृ पाकरडीह, थाना कालीतोल, जिला पुरुलिया (पश्चिम बंगाल)पूछताछ में तीनों ने स्वीकार किया कि वे ट्रेनों और रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों के मोबाइल, सोने के सामान, लैपटॉप, चेन और बैग चोरी करते थे।इस संबंध में रेल थाना दानापुर में कांड संख्या 114/26 दर्ज किया गया है। मामले में भारतीय न्याय संहिता (ठछै) की धारा 303(2), 317(5) और 112(2) के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। गिरोह का सरगना भी गिरफ्तमामले की गंभीरता को देखते हुए रेल पुलिस अधीक्षक, पटना के निर्देश पर दानापुर रेल डीएसपी कंचन राज के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। तकनीकी और मानवीय अनुसंधान के आधार पर छापेमारी कर गिरोह के सरगना राम मोनू उर्फ चंदन कुमार (27 वर्ष), पितादृ सुनील सिंह उर्फ भुल्लू, निवासीदृ फतेहपुर, थाना राघोपुर, जिला वैशाली को राघोपुर दियारा क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तारी के दौरान उसके पास से एक स्क्रीन टच मोबाइल भी बरामद किया गया है। रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में सक्रिय इस गिरोह की गिरफ्तारी से यात्रियों को बड़ी राहत मिली है। पुलिस अब गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी है और आगे की कार्रवाई जारी है।


## पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने मैनपुरी में सुनीं जन-समस्याएं, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की राशि बढ़ाकर 1 लाख करने की दी जानकारी



राजवीर सिंह यादव ब्यूरो चीफ मैनपुरी दैनिक शुभ भास्कर

मैनपुरी उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने शनिवार को मैनपुरी में जन-सुनवाई के दौरान आम जनता की समस्याओं को सुना और उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान सहस निवासी उदयभान सिंह की आर्थिक तंगी और बेटी की शादी में आ रही बाधा की शिकायत पर मंत्री ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को तत्काल जांच के आदेश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत अब सहायता राशि को 51 हजार से बढ़ाकर 1 लाख रुपये कर दिया गया है ताकि गरीब परिवारों पर बेटियों की शादी का बोझ कम हो सके। उन्होंने आश्वस्त किया कि बजट की कोई कमी नहीं है और पात्र आवेदकों की शादी भव्य समारोह में संपन्न कराई जाएगी गैस सिलेंडर की किल्लत और आपूर्ति को लेकर उठ रही अफवाहों पर विराम लगाते हुए जयवीर सिंह ने जिला पूर्ति अधिकारी को नियमानुसार समय से आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जनता से आह्वान किया कि वे किसी भी प्रकार की भ्रामक खबरों पर ध्यान न दें, क्योंकि प्रदेश में गैस, डीजल और पेट्रोल का पर्याप्त भंडार मौजूद है। मंत्री ने अधिकारियों को सख्त लहजे में कहा कि उपभोक्ताओं को अपनी बुनियादी जरूरतों के लिए बार-बार दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें और उनकी समस्याओं का समाधान गुणवत्तापूर्ण तरीके से एक निश्चित समय सीमा के भीतर किया जाए। भूमि पर अवैध कब्जों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए पर्यटन मंत्री ने राजस्व विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि जनपद में अवैध कब्जों की घटनाओं में कमी तो आई है, लेकिन अभी भी दबंगों द्वारा गरीबों की जमीन हड़पने की शिकायतें चिंताजनक हैं। मंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सार्वजनिक या निजी भूमि पर जबरन कब्जा करने वाले गुंडा तत्वों के विरुद्ध कठोरतम कानूनी कार्यवाही की जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे सुनिश्चित करें कि किसी भी दबंग का सार्वजनिक संपत्ति या किसी गरीब की निजी जमीन पर अनाधिकृत वर्चस्व न रहे। जन-सुनवाई के दौरान भूमि पैमाइश, अवैध निर्माण और अवैध कब्जों से संबंधित दर्जनों प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिन्हें संबंधित विभागों को सौंपकर तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर शिव नरेश, क्षेत्राधिकारी संतोष कुमार और कोतवाली प्रभारी फतेह बहादुर सिंह सहित कई प्रशासनिक अधिकारी और जन-प्रतिनिधि उपस्थित रहे। मंत्री ने अंत में सभी अधिकारियों को जन-सेवा के प्रति जवाबदेह बनने और सरकार की जनहितकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुँचाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

## पुलिस की बड़ी कार्रवाई, बड़ी घटना को अंजाम देने वाले नाबालिक समेत आठ गिरफ्तार।



जयनगर / लदनियां
संवाददाता दैनिक शुभ भास्कर

लदनियां थाना पुलिस ने शुक्रवार की रात बड़ी कार्रवाई करते हुए हथियार और नशीली पदार्थ के साथ एक नाबालिक समेत आठ लोगों को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष अनुप कुमार ने बताया कि शुक्रवार की रात पुलिस जवानों के सहयोग से क्षेत्र भ्रमण के क्रम में थाना क्षेत्र के तेनुआही चौक पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था कि इसी क्रम में गुप्त सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के मरनैया गांव में कुछ व्यक्तियों द्वारा किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बनाया जा रहा है। थानाध्यक्ष ने मामलें की जानकारी वरीय अधिकारियों को देने के बाद सूचना के आधार पर चिन्हित गांव के लिए दल-बल के साथ प्रस्थान किया। मरनैया गांव में शम्भु कामत के घर के पास पहुंच कर पुलिस जवानों के सहयोग से घर की चारो ओर घेराबंदी करते हुए घर पर छापामारी किया गया। शम्भु कामत के घर में एक चौकी पर आठ व्यक्ति बैठ कर नशापान कर रहा था। पूछताछ करने पर सभी ने बताया कि हम लोग ब्राउन सूगर का सेवन कर रहे हैं। थानाध्यक्ष द्वारा मामलें की जानकारी वरीय अधिकारियों को देने के बाद दंडाधिकारी बहाल करने के अनुरोध पर लदनियां बीडीओ राकेश कुमार ठाकुर को घटनास्थल पर भेजा गया। दंडाधिकारी के मौजूदगी में थानाध्यक्ष ने पुलिस बल के सहयोग से सभी की तलाशी ली गई। जहां सभी लोग नशापान कर रहे थें। उसी चौकी पर काले रंग के प्लास्टिक थैली में ब्राउन सुगर जैसा पदार्थ पाया गया। जिसका वजन करने पर 20 ग्राम ब्राउन सूगर व उपयोग करने वाला सामग्री के साथ आसपास छानबीन करने पर चौकी पर पुआल के बिछावन के नीचे से रखे लोहे का आठ धारदार हथियार एक चाकू, एक देशी कट्टा व दो जिंदा कारतूस के साथ अन्य सामान बरामद किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान थाना क्षेत्र के मरनैया गांव निवासी शम्भु कुमार कामत (19),लक्ष्मण साफि (19),परशुराम कामत (19), सृजन कुमार कामत(20), मधु सुधन कुमार कामत(26), अतुल कुमार कामत (30),अजय कुमार कामत (31) के अलावे एक नाबालिक युवक शामिल हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि कागजी कार्रवाई के बाद गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में मधुबनी भेज दिया गया है।

## संघ पृष्ठभूमि के निष्ठावान हिंदूवादी कार्यकर्त्ता बाल कृष्ण यादव को बड़ी कमान, बने नए महामंत्री

शैलेश सिंह



चतरा भारतीय जनता पार्टी ने अपने संगठन में धार देने के लिए बाल कृष्ण यादव को टंडवा मण्डल के महामंत्री पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। अपनी सादगी और जमीनी पकड़ के लिए पहचाने जाने वाले बाल कृष्ण यादव की इस नियुक्ति से स्थानीय राजनीति में हलचल तेज हो गई है। बाल कृष्ण यादव का सम्बन्ध राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (ै) से है। उनकी वैचारिक स्पष्टता और अनुशासित कार्यशैली को देखते हुए पार्टी ने उन्हें इस फ्रंटलाइन रोल में उतारा है। मण्डल महामंत्री के रूप में उन पर बूथ स्तर तक पार्टी कार्यकर्ताओं को जोड़ने और सरकार की योजनाओं को घर-घर पहुँचाने का बड़ा जिम्मा होगा। ?उनकी नियुक्ति को टंडवा क्षेत्र में सामाजिक समीकरणों को साधने और पार्टी की सक्रियता बढ़ाने के मास्टरस्ट्रोक के रूप में देखा जा रहा है। इस घोसणा के बाद से ?कार्यकर्ताओं में जश्न का माहौल है समर्थकों का कहना है कि एक जमीनी कार्यकर्ता को सम्मान मिलने से संगठन का मनोबल बढ़ेगा।

## गोठड़ी के ग्रामीणों ने निशुल्क चिकित्सा शिविर में उठाया स्वास्थ्य लाभ




निज. संवाददाता ,नांगल चौधरी। शनिवार को यहा के गांव गोठड़ी में शीला मल्टीस्पेशलिटी हास्पिटल एवं ट्रामा सेंटर द्वारा पंचायत के सहयोग से निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे ग्रामीणों ने निशुल्क जांच व इलाज लेकर स्वाथ्य लाभ उठाया। गांव के युवा सरपंच अनिल रावत के प्रयास से ग्रामीणों के स्वास्थ्य लाभ के लिए गांव में यह पांचवा निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में सुबह आठ बजे से ही मरीजों का रजिस्ट्रेशन शुरू किया गया। इसके बाद नारनौल हास्पिटल से आई चिकित्सकों की टीम ने मरीजों की जांच कर उन्हें दवाई दी गई। चिकित्सा शिविर में सबसे अधिक मरीज जोड़ो का दर्द व कमर दर्द इलाज के लिए पहुचे। जिनकी जांच कर उन्हें दवाई दी गई। महिलाओं ने भी शिविर में प्रसूति व स्त्री रोग विशेषज्ञ से बीमारी से सम्बंधित निशुल्क जांच करवाकर स्वास्थ्य लाभ का फायदा उठाया। चिकित्सकों ने इलाज के साथ साथ ग्रामीणों को स्वस्थ जीवनशैली के टिप्स भी समझाए। उन्होंने कहा कि संतुलित आहार लेकर ही स्वास्थ्य को बेहतर रखा जा सकता है। अपने भोजन में हरि व पत्तेदार सब्जियां का अधिक प्रयोग करे और भरपूर मात्रा में दूध, दही व लस्सी ले। इससे शरीर का पाचन बेहतर बना रहेगा। रात में मोबाइल की लत छोड़कर आठ घन्टे की भरपूर नींद ले। शरीर को फिट रखने के लिए रोजाना कम से कम आधा घण्टा व्यायाम करे। चिकित्सकों ने कहा कि वर्तमान समय में बच्चे व युवा वर्ग फास्ट फूड का अधिक सेवन करते है। जिसका सीधा प्रभाव लिवर पर होता है। घनिष्ठ भोजन करने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता घटने लगती है और शरीर धीरे--धीरे बीमारियों का घर बनने लगता है। इससे स्वस्थ रहने के लिए हमे जंक फूड के सेवन से बचना होगा। गोठड़ी के युवा सरपंच अनिल रावत ने कहा कि उनका मुख्य फोकस स्वास्थ्य व शिक्षा पर है। इससे दो वर्ष में गांव में यह पांचवा चिकित्सा शिविर लगा है। जिसमे ग्रामीणों ने निशुल्क जांच व इलाज लेकर स्वास्थ्य लाभ लिया है। उनके द्वारा गांव की ओर से चिकित्सीय टीम का भी स्वागत किया गया।

## उपायुक्त ने मत्स्य विज्ञान के प्रशिक्षुओं से किया संवाद, मछली पालन की संभावनाओं पर हुई विस्तृत चर्चा।

दैनिक शुभ भास्कर झारखंड ब्यूरो चीफ सुनीता देवी।



चतरा उपायुक्त कीर्ति श्री के गोपनीय शाखा में कृषि विज्ञान केंद्र (ज्ञटज्ञ) चतरा में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे मत्स्य विज्ञान के प्रशिक्षुओं के साथ एक संवादात्मक इंटरैक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज ऑफफिशरी साइंस, गुमला के बैचलर ऑफफिशरी साइंस (सातवां सेमेस्टर) के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। उल्लेखनीय है कि कॉलेज ऑफफिशरी साइंस, गुमला बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित राज्य की एकमात्र मत्स्य विज्ञान शिक्षा प्रदान करने वाली संस्था है।उक्त छात्र-छात्राएं दिनांक 1 अप्रैल से 11 अप्रैल तक दस दिवसीय ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव कार्यक्रम के तहत कृषि विज्ञान केंद्र, चतरा में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे थे। प्रशिक्षण के अंतिम दिन उनके द्वारा अर्जित अनुभवों एवं जानकारियों पर विस्तृत परिचर्चा की गई।उपायुक्त ने प्रशिक्षुओं से मत्स्य पालन के क्षेत्र में उनके अध्ययन, शोध एवं अनुभवों की विस्तार से जानकारी ली। साथ ही चतरा जिले में मछली पालन की संभावनाओं एवं उसके विकास के लिए आवश्यक उपायों पर भी चर्चा की। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने मत्स्य पालन से जुड़े किसानों के लिए नियमित प्रशिक्षण, आधारभूत संरचना के विकास, बायोफ्लॉक तकनीक के विस्तार, उन्नत मत्स्य पालन पद्धतियों के उपयोग तथा मछली बीज उत्पादन को बढ़ावा देने जैसे महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए।उपायुक्त ने कृषि विज्ञान केंद्र, चतरा के वरीय वैज्ञानिक डॉ. रविंद्र मोहन मिश्रा से प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को प्रदान की गई शैक्षणिक एवं प्रायोगिक जानकारियों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर जिला मत्स्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे।कार्यक्रम के अंत में उपायुक्त ने कुल 16 प्रशिक्षुओं (14 छात्राएं एवं 2 छात्र) के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें मत्स्य पालन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर झारखंड को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने हेतु प्रेरित किया।

## काठमांडू में तिरंगे का दबदबा शूटिंग बॉल अंतरराष्ट्रीय सीरीज में भारत की ऐतिहासिक जीत



राजवीर सिंह यादव ब्यूरो चीफ मैनपुरी दैनिक शुभ भास्कर

मैनपुरीनेपाल की राजधानी काठमांडू में आयोजित अंतरराष्ट्रीय शूटिंग बॉल टेस्ट सीरीज में भारतीय टीम ने अभूतपूर्व प्रदर्शन करते हुए मेज़बान नेपाल को 5-0 से करारी शिकस्त दी। 7 से 9 अप्रैल तक चली इस द्विपक्षीय श्रृंखला में भारतीय खिलाड़ियों ने शुरू से ही अपना वर्चस्व बनाए रखा और क्लीन स्वीप के साथ स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। टीम के इस शानदार समन्वय और आक्रामक खेल के आगे विपक्षी टीम टिक नहीं सकी, जिसके परिणामस्वरूप एशियाई शूटिंग बॉल महासंघ के महासचिव रविंद्र सिंह तोमर ने विजेता टीम को गोल्ड मेडल से सम्मानित कर गौरवान्वित किया।इस अंतरराष्ट्रीय सफलता में मैनपुरी के होनहार खिलाड़ी अमर यादव और सौरभ कुमार की विशेष भूमिका रही, जिनका स्वदेश लौटने पर भव्य अभिनंदन किया गया। अपनी शिक्षा के केंद्र श्रीजी करुणा सागर विद्यालय पहुँचने पर स्कूल प्रशासन ने अपने इन मेधावी पूर्व छात्रों को विशेष रूप से सम्मानित किया। ट्रॉफी और पदकों के साथ मैनपुरी लौटे इन नायकों का स्थानीय स्तर पर जगह-जगह उत्साहपूर्वक स्वागत हो रहा है, जो क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा का नया स्रोत बन गए हैं।

# अमृतसर से दिल्ली तक, बैसाखी मनाने के लिए ये जगहें हैं बेस्ट





बैसाखी मुख्य रूप से पंजाब के अमृतसर और आनंदपुर साहिब में सबसे बड़े स्तर पर मनाई जाती है। इसके अलावा दिल्ली, हरिद्वार और हिमाचल प्रदेश के कई हिस्सों में भी यह पर्व पारंपरिक उत्सव, मेलों और धार्मिक कार्यक्रमों के साथ मनाया जाता है। बैसाखी भारत का एक प्रमुख फसल उत्सव है, जिसे हर साल अप्रैल महीने में बड़े ही उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया जाता है। खासकर उत्तर भारत में यह पर्व नई फसल के स्वागत, खुशहाली और नई शुरुआत का प्रतीक माना जाता है। 2026 में बैसाखी का त्योहार और भी खास होने वाला है क्योंकि इस दौरान देश के कई हिस्सों में सांस्कृतिक कार्यक्रम, भव्य मेले और पारंपरिक नृत्य देखने को मिलते हैं। पंजाब को बैसाखी का मुख्य केंद्र माना जाता है, लेकिन भारत में कई ऐसी जगहें हैं जहां इस पर्व को अनोखे अंदाज में मनाया जाता है।



अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में होने वाली सजावट और लंगर सेवा से लेकर दिल्ली के गुरुद्वारों में होने वाले कीर्तन तक, हर जगह उत्सव की अलग ही रौनक देखने को मिलती है। वहीं उत्तराखंड और हिमाचल में यह पर्व स्थानीय मेलों और पारंपरिक लोक नृत्यों के साथ मनाया जाता है। बैसाखी सिर्फ धार्मिक या सांस्कृतिक त्योहार नहीं है, बल्कि यह भारत की विविधता और एकता का प्रतीक भी है। इस दौरान लोग नए कपड़े पहनते हैं, पारंपरिक भोजन का आनंद लेते हैं और एक-दूसरे को शुभकामनाएं देते हैं। अगर आप 2026 में बैसाखी को यादगार बनाना चाहते हैं, तो भारत की इन खास जगहों की यात्रा जरूर करें जहां यह पर्व अपने सबसे सुंदर रूप में दिखाई देता है।

### भारत की इन जगहों पर मनाएं बैसाखी

**अमृतसर, पंजाब:** अमृतसर बैसाखी का सबसे प्रमुख केंद्र है। यहाँ स्वर्ण मंदिर की सजावट, कीर्तन और विशाल लंगर सेवा इस पर्व को बेहद खास बनाते हैं।

### आनंदपुर साहिब, पंजाब

यह स्थान खालसा पंथ की स्थापना के लिए प्रसिद्ध है। बैसाखी पर यहाँ भव्य धार्मिक आयोजन और नगर कीर्तन निकलते हैं।

### दिल्ली के गुरुद्वारे

दिल्ली के बंगला साहिब और अन्य गुरुद्वारों में बैसाखी पर भक्ति, लंगर और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होते हैं।

### हरिद्वार, उत्तराखंड

बैसाखी का नजारा हरिद्वार में भी देखने को मिलता है। गंगा घाटों पर स्नान और धार्मिक अनुष्ठानों के साथ बैसाखी यहां आध्यात्मिक अनुभव देती है।

### हिमाचल प्रदेश

हिमाचल प्रदेश में कांगड़ा और मंडी में बैसाखी धूमधाम से मनाई जाती है। यहां बैसाखी मेलों में लोक नृत्य, संगीत और पारंपरिक संस्कृति का सुंदर संगम देखने को मिलता है।



# गर्मी में क्रीमी और टेस्टी कुल्फी बनाने के लिए फॉलो करें ये टिप्स

कुछ लोग दूध पकाते समय शुरुआत में ही दूध और फ्लेवर इस्तेमाल करने लग जाते हैं। हालांकि, ऐसा करने से बचना चाहिए। हमेशा जब दूध गाढ़ा हो जाए, तभी चीनी डालो। अगर आप शुरुआत में चीनी डालोगे तो दूध जल्दी गाढ़ा नहीं होगा। आप इसी समय इलायची, केसर, या गुलाब जल डाल सकते हो। गर्मी का मौसम आते ही हम सभी कुछ ना कुछ ठंडा खाना चाहते हैं और इसलिए सबसे पहले याद आती है कुल्फी की। ठंडी-ठंडी और मीठी-मीठी कुल्फी खाकर बेहद मजा आ जाता है। अमूमन हम सभी बाजार से कुल्फी लाकर खाते हैं, लेकिन अगर आप चाहो तो इसे घर पर भी बेहद आसानी से बना सकते हैं। हो सकता है कि आपने भी घर पर कुल्फी बनाई हो, लेकिन घर पर कुल्फी बनाने का एक नुकसान यह है कि वह बाजार जैसी क्रीमी और टेस्टी नहीं बनती है। कभी उसमें बर्फ जम जाती है, तो कभी वो बहुत सख्त हो जाती है। अगर आपने भी अक्सर इस समस्या का सामना किया है और आपको लगता है कि आप परफेक्ट कुल्फी नहीं बना सकते तो आप गलत है। दरअसल, कुछ ऐसे आसान व छोटे-छोटे हैक्स हैं, जो आपकी कुल्फी को टेस्टी व क्रीमी बनाने में मदद करते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको ऐसे ही कुछ हैक्स के बारे में बता रहे हैं-

### दूध को करें गाढ़ा

अगर आप घर पर कुल्फी बना रहे हैं तो ऐसे में दूध को अच्छी तरह गाढ़ा करें और कुल्फी बनाने के लिए फुल क्रीम दूध का इस्तेमाल करें। आप दूध को धीमी आंच पर 30-40 मिनट तक उबालो। साथ ही, दूध को बीच-बीच में चलाते रहो, वरना वह नीचे लग जाएगा।

### चीनी और फ्लेवर सही तरह से करें इस्तेमाल

कुछ लोग दूध पकाते समय शुरुआत में ही दूध और फ्लेवर इस्तेमाल करने लग जाते हैं। हालांकि, ऐसा करने से बचना चाहिए। हमेशा जब दूध गाढ़ा हो जाए, तभी चीनी डालो। अगर आप शुरुआत में चीनी डालोगे तो दूध जल्दी गाढ़ा नहीं होगा। आप इसी समय इलायची, केसर, या गुलाब जल डाल सकते हो।

### ड्राई फ्रूट्स को ना भूलें

कुल्फी बनाते समय ड्राई फ्रूट्स डालना ना भूलें। आप काजू, बादाम, पिस्ता बारीक कट करके डालो। साथ ही, अगर आप थोड़ा सा पेस्ट बनाकर डालोगे तो और इससे क्रीमी टेक्सचर मिलेगा।

### मिल्क पाउडर का करें इस्तेमाल

अगर आपको क्रीमी कुल्फी खाना अच्छा लगता है तो ऐसे में कुल्फी तैयार करते समय मिल्क पाउडर का इस्तेमाल करना अच्छा विचार है। मिल्क पाउडर का इस्तेमाल करने से कुल्फी स्मूथ बनती है और इससे आइस क्रिस्टल्स नहीं बनते हैं।

# बच्चों की ये एक आदत बढ़ा रही कई जानलेवा बीमारियों का खतरा

बच्चों में जंक फूड्स की आदत बढ़ती जा रही है। इसमें मौजूद ज्यादा नमक, चीनी और अनहेल्दी फैट न सिर्फ उनकी शारीरिक सेहत को नुकसान पहुंचाते हैं, बल्कि उनके मानसिक विकास पर भी असर डालते हैं। लाइफस्टाइल और खानपान की गड़बड़ी ने कई तरह की क्रॉनिक बीमारियों का खतरा बढ़ा दिया है। केवल बुजुर्ग या फिर युवा ही नहीं बच्चे भी इसका शिकार हो रहे हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, पिछले एक दशक में बच्चों का खानपान काफी तेजी से बदला है। बच्चों की प्लेट से दाल-चावल और सब्जियों की जगह पिज्जा, बर्गर



और जंक फूड्स की मात्रा काफी बढ़ गई है। स्कूल का टिफिन हो या लंच-डिनर बच्चे जंक फूड्स को सबसे ज्यादा पसंद कर रहे हैं। माता-पिता की व्यस्त जिंदगी ने फास्ट फूड को और आसान विकल्प बना दिया है। पर ये आदत असल में सेहत के लिए बहुत नुकसानदायक हो सकती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, जीवन के जिस समय में सबसे ज्यादा पोषक की जरूरत होती है, उसमें जंक फूड्स का डाइट में शामिल होना काफी चिंताजनक है। यही कारण है कि कम उम्र में ही मोटापा, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर और हृदय रोग जैसी जानलेवा समस्याएं काफी बढ़ती जा रही हैं। बच्चों को क्रॉनिक बीमारियों के चंगुल से बचाने के लिए जंक फूड्स से बचाना सबसे जरूरी है। कहीं आपका बच्चा भी तो ज्यादा जंक फूड्स नहीं खा रहा है? स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, बच्चे जंक फूड्स का आदी होते जा रहे हैं। जंक फूड में मौजूद ज्यादा नमक, चीनी और अनहेल्दी फैट न सिर्फ उनकी शारीरिक सेहत को नुकसान पहुंचाते हैं, बल्कि उनके मानसिक विकास पर भी असर डालते हैं। बच्चों में क्यों बढ़ रही है जंक फूड्स की आदत बच्चों में ये आदत क्यों तेजी से बढ़ती जा रही है? इसको लेकर एक हालिया अध्ययन में विशेषज्ञों ने बताया कि बच्चों और किशोर जंक फूड के विज्ञापन दिखकर दिनभर में औसतन 130 कैलोरी ज्यादा खा रहे हैं।.निवर्सिटी ऑफ लिवरपूल में हुए इस अध्ययन में पाया गया कि हाई फैट, सॉल्ट और शुगर (एचएफएसएस) वाले फूड के विज्ञापन सिर्फ 5 मिनट तक देखने के बाद 7 से 15 साल के बच्चे दिनभर में दो ब्रेड स्लाइस के बराबर कैलोरी ज्यादा खा लेते हैं। यूरोपियन कांग्रेस ऑन ओबेसिटी में ये अध्ययन प्रकाशित है। इस अध्ययन 240 बच्चों को शामिल किया गया, जिन्हें चार तरह के मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर पांच-पांच मिनट के विज्ञापन दिखाए गए। इनमें टीवी जैसे वीडियो, सोशल मीडिया की इमेज पोस्ट, रेडियो जैसे ऑडियो और बिलबोर्ड जैसे स्टैटिक फॉर्मेट शामिल थे। रिपोर्ट में सामने आया कि जिन बच्चों ने जंक फूड के विज्ञापन देखे, उन्होंने स्नैक्स में औसतन 58 और लंच में 72 कैलोरी ज्यादा खाईं।

# अप्रैल-मई में क्यों झड़ते हैं ज्यादा बाल? जानिए असली कारण और 5 असरदार उपाय



अप्रैल-मई में गर्मी, पसीना, डिहाइड्रेशन और पोषण की कमी के कारण बाल ज्यादा झड़ते हैं। सही डाइट, हाइड्रेशन और स्कैल्प केयर से इसे रोका जा सकता है। गर्मियों की शुरुआत के साथ ही कई लोगों को एक आम समस्या परेशान करने लगती है, बालों का ज्यादा झड़ना। खासकर अप्रैल और मई के महीनों में यह समस्या और बढ़ जाती है। लोग अक्सर इसे नजरअंदाज कर देते हैं या इसे सामान्य मान लेते हैं, लेकिन इसके पीछे कई अहम कारण छिपे होते हैं। दरअसल, मौसम में बदलाव, तेज धूप, पसीना और स्कैल्प की देखभाल में कमी बालों को कमजोर बना देती है। इसके अलावा शरीर में पोषण की कमी और पानी कम पीना भी हेयर फॉल को बढ़ा सकता है। यही वजह है कि इस समय बालों की सही देखभाल बेहद जरूरी हो जाती है।

अगर समय रहते ध्यान न दिया जाए, तो यह समस्या गंभीर रूप ले सकती है। लेकिन अच्छी बात यह है कि कुछ आसान और घरेलू उपाय अपनाकर आप इस हेयर फॉल को काफी हद तक कंट्रोल कर सकते हैं। आइए जानते हैं अप्रैल-मई में बाल झड़ने के कारण और उनसे बचने के सबसे असरदार तरीके।

### गर्मियों में बाल झड़ने के कारण

**अत्यधिक पसीना और तेल:** गर्मी में लू चलती है। पसीने, तेल और धूल से स्कैल्प पर गंदगी जमती है, जिससे बालों की जड़े बंद हो जाती है और गर्मी में पसीना, तेल और धूल के मिलने से बाल झड़ने लगते हैं।

### तेज धूप और रूखापन

धूप की यूवी किरणें बालों से नमी सोख लेती हैं जिससे वे बेजान, सूखें और कमजोर होकर टूटने लगते हैं।

### बालों के रोम कमजोर होना

सिर में गर्मी और पसीने से बालों के रोम कमजोर हो जाते हैं, जिससे बालों की ग्रोथ प्रभावित होती है।

### डिहाइड्रेशन

शरीर में पानी की कमी के कारण बालो की जड़े सूख जाती हैं जिससे समय से पहले बाल झड़ने लगते हैं। पर्याप्त मात्रा में पानी पीना बेहद जरूरी है।

### हार्मोनल बदलाव

गर्मी के मौसम में शरीर में टेस्टोस्टेरोन का स्तर बढ़ सकता है, जिससे बाल झड़ने लगते हैं।

### पोषण की कमी का असर

प्रोटीन, आयरन और विटामिन की कमी बालों को पतला और कमजोर बना देती है। संतुलित आहार बेहद जरूरी है।

### बाल झड़ने से रोकने के घरेलू उपाय

सही हेयर केयर रूटीन से बाल झड़ने से रोका जा सकता है। माइल्ड शैंपू, ऑयलिंग और स्कैल्प मसाज बालों को मजबूत बनाते हैं और हेयर फॉल कम करते हैं।

# रोज दाल-चावल खाकर हो गए हैं बोर? बेसन की 5 रेसिपी बदल देंगी लंच का स्वाद!

बेसन से आप लंच के लिए बेसन चीला, बेसन कढ़ी और बेसन की सब्जी जैसी स्वादिष्ट और हेल्दी डिश बना सकते हैं। ये डिश जल्दी बनती हैं और पोषण से भरपूर होती हैं। भारतीय रसोई में बेसन एक ऐसी सामग्री है, जिसे सब्जी या रोटी दोनों को बनाने में उपयोग किया जा सकता है। इससे लंच या डिनर तो बनाया ही जा सकता है, साथ ही नाश्ते में भी कई स्वादिष्ट व्यंजन बनाने में बेसन को शामिल किया जाता है। नाश्ता हो, स्नैक हो या लंच बेसन से बनने वाली डिश हर समय स्वाद और पोषण का बेहतरीन संतुलन देती हैं। खास बात यह है कि बेसन प्रोटीन, फाइबर और जरूरी मिनरल्स से भरपूर होता है, जिससे यह न सिर्फ स्वादिष्ट बल्कि सेहतमंद भी बनता है। आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग ऐसे खाने की तलाश में रहते हैं जो जल्दी बन जाए, हल्का हो और पेट भी भर दे। ऐसे में बेसन से बनी डिश एक परफेक्ट विकल्प है। गर्मियों में जब भारी खाना खाने का मन नहीं करता, तब बेसन से बनी हल्की और पौष्टिक रेसिपी लंच के लिए एक शानदार विकल्प बन जाती हैं। इस लेख में बेसन से बनने वाली 5 ऐसी आसान और टेस्टी डिश के बारे में बताएंगे, जिन्हें आप अपने लंच में शामिल कर सकते हैं। ये रेसिपी न सिर्फ बनाने में आसान हैं, बल्कि बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी को पसंद आएंगी।



### बेसन चीला

लंच के लिए हेल्दी और क्विक विकल्प की तलाश में हैं तो बेसन का चीला बेहतर विकल्प है। बेसन चीला एक बहुत ही आसान और जल्दी बनने वाली डिश है। इसे बनाने के लिए बेसन में प्याज, टमाटर, हरी मिर्च और मसाले मिलाकर बैटर तैयार करें और तवे पर हल्का सा तेल डालकर सेंक लें। यह प्रोटीन से भरपूर होता है और दही या हरी चटनी के साथ खाने में बेहद स्वादिष्ट लगता है।

### बेसन कढ़ी

बेसन की कढ़ी भारतीय घरों की फेवरेट डिश है। दही और बेसन से बनी यह ग्रेवी हल्की खट्टी और बेहद स्वादिष्ट होती है। इसमें पकौड़े डालकर इसे और भी टेस्टी बनाया जाता है। चावल के साथ यह लंच के लिए एक परफेक्ट कॉम्बिनेशन है।

### बेसन की सब्जी

अगर घर में सब्जी नहीं है, तो बेसन की सब्जी एक बेहतरीन विकल्प है। इसमें बेसन को मसालों के साथ पकाकर गाढ़ी ग्रेवी बनाई जाती है। यह रोटी या पराठे के साथ बहुत अच्छी लगती है और मिनटों में तैयार हो जाती है। इसके अलावा गट्टे की सब्जी बना सकते हैं। जिसमें बेसन में नमक, अजवाइन मिलाकर गूंद लें। अब इसे किसी भी आकार में काट लें। इसे उबालकर गट्टे तैयार कर लें। फिर ग्रेवी में डालकर पकाएं।

### बेसन ढोकला

लंच में कुछ हल्का और सॉफ्ट चाहते हैं तो ढोकला बना सकते हैं। बेसन से बना ढोकला एक स्टीम्ड डिश है, जो हल्की और हेल्दी होती है।

मुद्रक - स्वामी- प्रकाशक, सुनील कुमार मिश्रा, द्वारा शुभ - लाभ प्रिंटर्स, मावली उदयपुर राजस्थान, 313203/ प्रधान संपादक- मो.शरफेआलम,मो0.7764978689 प्रधान कार्यालय भेलवा टोला जयनगर मधुबनी बिहार कार्यालय एवं अल्ल पट्टी रोड दरभंगा। सहायक कार्यालय झारखण्ड, साहिबगंज, पिन कोड - 818101 दैनिक शुभ भास्कर, RNI UPHIND 2015/64737. पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार, सभी न्याय क्षेत्र उदयपुर राजस्थान होगा।